सच, सिर्फ सच

** वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 12 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 98, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## विकास की नयी इबारत लिखेगा लखनऊ

देश के रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के इतिहास के पन्नों में मैं कह सकता हूँ एक नयी इबारत लिखने जा रहा है। } 03

## और टुकड़ों में बंटने वाला है पाकिस्तान : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि पापी पाकिस्तान और टुकड़ों में बंटने वाला है। } 03

# प्रेरणा पुञ्ज



# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता

**सुपुत्र स्व. बाबू बनारसी दास जी (पूर्व मुख्यमंत्री, उ.प्र.)**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मेयर लखनऊ, भारतीय बैडमिंटन संघ के पूर्व अध्यक्ष,
पूर्व उपाध्यक्ष, बैडमिंटन एशिया कंफैडरेशन, पूर्व उपाध्यक्ष, भारतीय ओलम्पिक संघ
संस्थापक चेयरमैन, बी.बी.डी. ग्रुप, हिन्दी दैनिक वॉयस ऑफ लखनऊ एवं उर्दू दैनिक कौमी खबरें

## पुण्य तिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि

(31 मार्च 1961–12 अप्रैल 2017)

गुणानेतानतीत्य त्रीन्देही देहसमुद्भवान्।
जन्ममृत्युजरादुःखैर्विमुक्तोऽमृतमश्नुते ॥

यह पुरुष शरीर की उत्पत्ति के कारणरूप तीनों गुणों से परे होकर जन्म, मृत्यु, जरा और दुःखों से विमुक्त हुआ अमृतत्व को प्राप्त होता है।

(गीता अध्याय 14 श्लोक 20)

BBD



## स्मृति शेष



# नहीं भुलाया जा सकता अखिलेश दास का विशाल व्यक्तित्व

...मैं जिंदगी का साथ निभाता चला गया, हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चला गया...! गीत शाहिर लुधियानवी का भले ही हो परन्तु इस गीत को अगर किसी ने जीवन में पिरोया था तो वह थे पूर्व केंद्रीय मंत्री व लखनऊ के पूर्व मेयर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश-प्रदेश को समर्पित कर दिया था। सामाजिक जीवन में सक्रिय योगदान देने वाले डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ने आठ वर्ष पूर्व 12 अप्रैल 2017 दिन बुधवार को इस सांसारिक दुनिया से विदा ले ली। डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का अकस्मात और असामयिक प्रयाण लोगों को असीम पीड़ा दे गया। पीएम से लेकर सीएम तक, राजनीतिक दलों के प्रमुखों से लेकर आईएएस और आईपीएस अफसरों तक, समर्थक से लेकर कार्यकर्ता तक उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सत्ता के शीर्ष नेताओं से लेकर अफसरशाही तक डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के अंतिम दर्शन के लिये उमड़ पड़े, आवास पर पहुंचे और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। दलों की दूरियां मिटा कर हर दल के राजनेताओं ने डॉ. अखिलेश दास गुप्ता को श्रद्धांजलि दी। सात वर्ष गुजर चुके हैं, डॉ. अखिलेश दास गुप्ता अब सशरीर भले ही इस दुनिया में न हों पर उनके चाहने वालों की कमी नहीं है। उनकी यादें एक टीस की तरह चुभती है...क्योंकि वह रिश्तों को निभाने की कूवत रखते थे, पुत्री की शादी हो तो पिता बन जाते थे, भाई के इलाज की बात हो तो वह बड़े भाई बन जाते थे, शिक्षा की बात होती थी तो वह एक अच्छे अभिभावक बन जाते थे। गरीब बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी लेना, तपती दोपहरी में लोगों की प्यास का ध्यान रखना, कड़कड़ाती ठंड में अलाव जलवाना, एम्बुलेंस की व्यवस्था करना, सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना उनका शौक था। शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में किये गए उनके उल्लेखनीय योगदान की जिम्मेदारी अब डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के पुत्र बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने बखूबी संभाल ली। स्मृतियों और संस्मरण को लेकर जब वॉयस ऑफ लखनऊ की टीम ने राजनेताओं, प्रशासनिक और पुलिस के अफसरों के साथ शिक्षाविदों और संस्कृति प्रेमियों से बात की तो लोगों ने कहा कि अखिलेश दास गुप्ता के जैसे महान, विशाल व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

प्रस्तुत है वॉयस ऑफ लखनऊ की टीम आशीष मौर्य, अनिल द्विवेदी, अनिल कुमार सिंह, समरेश पति त्रिपाठी व मो. दानिश सिद्दीकी की खास लोगों से बातचीत।



बतौर केंद्रीय राज्यमंत्री शपथग्रहण करते डॉ. अखिलेश दास गुप्ता। तत्कालीन राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने शपथ ग्रहण कराया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आत्मीय मुलाकात करते डॉ. अखिलेश दास गुप्ता



केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डॉ. अखिलेश दास गुप्ता

## लखनऊ के विकास में डॉ. अखिलेश दास की रही अहम भूमिका

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास 12 मई 1993 से 30 नवंबर 1995 तक लखनऊ नगर निगम में मेयर भी रहे। अखिलेश दास का कार्यकाल बतौर नगर प्रमुख अंतिम कार्यकाल था। उनका लखनऊ और लखनऊ वालों से इस कदर लगाव था कि उन्होंने अपने मेयर के कार्यकाल में लखनऊ के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। यही वजह थी कि मेयर का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी वह लखनऊ को विकसित करने के लिए ही काम करते रहे। अपने कार्यकाल में और उसके बाद शिक्षा जगत और खेल क्षेत्र में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। यूनिवर्सिटी, कॉलेज और अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन अकादमी का निर्माण भी करवाया। पार्षदों को पहला पेजर देने वाले डॉ अखिलेश दास ही थे।

**पार्षद दल के नेताओं को दिया था पेजर**

डॉ. दास को ही नहीं उनके मेयर के कार्यकाल को उस समय के पार्षद आज भी भूले नहीं हैं। उस समय आज की तरह आपस में बातचीत करने के लिए मोबाइल की सुविधा नहीं थी। मेयर और पार्षदों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए उन्होंने निगम के पार्षद दल के नेताओं को पेजर उपलब्ध कराया था। उन्होंने तत्कालीन पार्षद विरोधी दल भाजपा से पार्षद रमेश कपूर बाबा को सबसे पहले पेजर दिया था। बाबा जब भी मिलते थे तो इस वाकये को याद



जरूर करते थे। हालांकि वह भी अब इस दुनिया में नहीं हैं।

**बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया**

डॉ. अखिलेश दास हर दिल अजीज व नेक इंसान थे। पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे होने के बाद भी हर किसी का दुख-दर्द बखूबी समझते थे। उन्होंने अपने मेयर के कार्यकाल में व्यापार के क्षेत्र में काफी काम किया। दारुलशफा के सामने लालबाग स्थित नगर निगम कार्यालय के पास अतिक्रमण को हटाकर गरीबों के लिए दुकानें बनवाई। उनका मानना था कि अतिक्रमण को हटाकर वहां पर दुकानों को बनाकर बेरोजगारों को रोजगार दिया जा सकता है। अपने कार्यकाल में और उसके बाद शिक्षा जगत और खेल क्षेत्र में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। पार्किंग और ट्रैफिक सुधार की दिशा में भी काम किया। उनके ही कार्यकाल में अमीनाबाद में पहली भूमिगत पार्किंग का निर्माण हुआ था। तब से अभी तक यहां कोई पार्किंग नहीं बन सकी है। इस पार्किंग से यहां के कारोबारियों व ग्राहकों को ट्रैफिक जाम से राहत है।

**गोमती नगर में डा. अखिलेश दास गुप्ता मार्ग**

गोमतीनगर में अम्बेडकर चौराहे से हुसड़िया चौराहे तक का मार्ग डा. अखिलेश दास गुप्ता मार्ग के नाम से जाना जाता है। नगर निगम के प्रस्ताव पर सरकार से मंजूरी मिलने के बाद तत्तकालीन उप मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने मार्ग का लोकार्पण किया था। इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद बड़ी संख्या में लोगों ने डा. गुप्ता के योगदान को याद किया। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. शर्मा ने कहा था कि उन्होंने राजनीतिक मतभेदों को अपने मधुर संबधों में कभी बाधक नहीं बनने दिया।

## कूट-कूट कर भरी थी जनसेवा : राजनाथ

केन्द्रीय रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री व पूर्व मेयर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि सामाजिक सरोकारों से उन्होंने कभी मुंह नहीं मोड़ा। जब किसी को भी जरूरत महसूस हुई वे आगे बढ़कर आये और उसकी मदद की। अखिलेश दास में जनसेवा, सामाजिकता कूट-कूट कर भरी थी। शिक्षा व खेल के विषय में उनकी जबर्दस्त दिलचस्पी थी। उन्होंने बताया कि वह एक विजनरी इंसान थे। देश-प्रदेश के विकास विशेषकर लखनऊ के लिए हमेशा अच्छा सोचना, देश का पहला निजी सेक्टर का इंजीनियरिंग कालेज स्थापित करना, बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी के साथ बैडमिंटन एसोसिएशन में उनकी प्रबंधकीय योग्यता ने बैडमिंटन खेल



को सशक्त बनाने के साथ उसके खाते में अनेक उपलब्धियां जोड़ीं। वह अपने आइडियाज व क्रिएटिविटी पर हमसे खुलकर चर्चा करते थे। उन्होंने शिक्षण संस्थान की स्थापना धन अर्जन के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिये की थीं। यह यूपी के लिए गौरव की बात है। केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह गत वर्ष डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की भव्य आदमकद प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे थे। बीबीडी ग्रुप के संस्थापक अखिलेश दास गुप्ता के साथ अपने सम्बन्धों व स्मृतियों का उल्लेख करते हुए कहा था कि बीबीडी विश्वविद्यालय को रिसर्च के लिए आगे बढ़ना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह अखिलेश दास का सपना भी था। शिक्षा के क्षेत्र में बीबीडी जैसा कैम्पस देकर उन्होंने प्रदेश के युवाओं को विभिन्न प्रकार की टेक्निकल शिक्षा के द्वार खोल दिए। इस मौके पर विश्वविद्यालय के छात्रों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज विश्वसनीयता व चरित्र के संकट का युग है इस पर ध्यान देना होगा। यह कोई कठिन काम नही है।

## सभी वर्गों के कल्याण के लिए रहे तत्पर

यूपी के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि डॉ. अखिलेश दास सच्चे समाजसेवी व बेहद लोकप्रिय जननेता थे। वे सामाजिक जीवन के अजातशत्रु और राजनीति में दलों की सीमा से ऊपर के राजनेता थे। उनके द्वारा शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में किये गए योगदान को सदैव याद किया जायेगा। मेरे साथ उनका व्यक्तिगत स्नेह था। उन्होंने मेरे राजनीतिक सफर के दौरान समय-समय पर अनेक बार मार्गदर्शन भी दिया। उन्होंने न जाने कितने लोगों की मदद की। अखिलेश दास के जैसे महान विशाल व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकता। लखनऊ के विकास के लिए उन्होंने नये आयाम स्थापित किये। वे जब केन्द्रीय मंत्री थे।



तो पूरे देश में ऐसी लोकप्रियता बनायी, जहां तक पहुंच पाना बहुत मुश्किल काम है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि खेल जगत में उनका बहुत बड़ा नाम था। बैडमिंटन को पूरे प्रदेश और देश में स्थापित करने वाले डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ही है। जिन्होंने गोमतीनगर जैसे इलाके में बड़ी अकादमी की नींव रखी। ऐसी शख्सियत को देश व प्रदेश कभी भूल नहीं सकता। डॉ. दास ने धर्म, जाति से ऊपर उठकर समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए भूमिका निभाई। पाठक ने कहा कि लखनऊ उनका घर था, उन्हें चिंता थी की कोई गर्मी में प्यासा न रहे, ठंड से किसी की मौत न हो, बीमारी में एंबुलेंस मिले, किसी पुत्री की धनाभाव में शादी न रुके, वह ऐसे अभिभावक थे जिन्हें हर एक की चिंता थी। जीवन भर उन्होंने गरीबों, असहायों, वंचितों की सेवा की। उन्होने शिक्षा के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय योगदान दिया है वह सदैव याद किया जायेगा।

## डॉ. दास ने यूपी के हितों को संसद में किया बुलंद

विशेष संवाददाता

संसद के उच्च सदन में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता द्वारा 11 जुलाई 2014 को प्रस्तुत एक निजी विधेयक काफी चर्चा का विषय बना था। यह था संकटग्रस्त वरिष्ठ खिलाड़ी कल्याण विधेयक 2013। इसके तहत वे चाहते थे कि सरकार संकटग्रस्त वरिष्ठ खिलाड़ियों के जीवन निर्वाह के लिए वृद्धावस्था पेंशन, निःशक्तता सहायता, स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं और आवासीय व्यवस्थाओं के साथ कल्याणकारी उपाय के लिए संकटग्रस्त वरिष्ठ खिलाड़ी निधि की स्थापना करे। इस विधेयक में अखिलेशजी ने कहा था कि क्रिकेट, लान टेनिस और कुछ हद तक बैडमिंटन में खिलाड़ियों की अच्छी आय है लेकिन ऐसे भी खेल हैं जिनमें खिलाड़ियों को खास धन नहीं मिलता। कई बार मीडिया में ऐसी खबरें आती हैं



कि वरिष्ठ खिलाड़ी जीवन यापन के लिए रिक्शा चला रहे हैं। अथवा मजदूर या बैरे के रूप में काम कर रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि इस तरफ ध्यान दिया जाये। वे चाहते थे कि इसके लिए एक प्रारंभिक निधि 10 हजार करोड़ रुपये की स्थापित हो, जिसके लिए अंशदान का उपबंध भी हो। उन्होने इसका विस्तृत वित्तीय आकलन भी किया था। यह विधेयक तब खेल जगत और सांसदों के साथ मीडिया में काफी चर्चा में रहा।

एक वरिष्ठ सांसद जो इस समय दुनिया में नहीं हैं उन्होंने मुझसे कहा था कि डॉक्टर साहब खेल प्रशासक और खिलाड़ी होने के नाते यह विधेयक ला रहे हैं। जबकि हकीकत यह है कि संसद के सदस्य के तौर पर ऐसे विषयों को रखना उनकी आदत रही है। बहुत से ज्वलंत मसलो के साथ गरीबो और वंचित तबकों की आवाज के संसद के भीतर उपलब्ध तमाम नियमों और प्रक्रियाओं के तहत उठाते रहे हैं। इसमें निजी सदस्यो के विधेयक और संकल्प के तहत उन्होने जिस तरह के मुद्दों को उठाया वह खुद में एक अध्ययन का विषय है।

## डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार कर रहे विराज सागर दास

अखिलेश दास को राजनीति विरासत में मिली थी और अपने पिता बाबू बनारसी दास के सपनों को पूरा करने के लिए वे राजनीति में आये थे। ढाई दशक के राजनीतिक जीवन में वे लखनऊ के मेयर बने, 18 साल तक राज्यसभा के सांसद रहे और केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी बतौर मंत्री उन्होंने काम किया, लेकिन डा. अखिलेश दास दिल से एक खिलाड़ी थे और खेल में भारत को सुपर पावर बनते देखना चाहते थे। वे स्वयं बैडमिंटन के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शटलर थे और बैडमिंटन के विकास में उन्होंने अपना पूरा जीवन लगा दिया। उनके प्रयासों का ही प्रतिफल है कि आज बैडमिंटन क्रिकेट की तरह लोकप्रिय हो रहा है और बैडमिंटन खिलाड़ी ओलंपिक और विश्वकप जैसी प्रतियोगिताओं में मेडल जीतकर तिरंगे की शान को और चमका रहे हैं।

उन्होंने बैडमिंटन के विकास और इस खेल को भारत में लोकप्रिय बनाने के लिए अथक प्रयास किया और उनका प्रयास रंग भी लाया। बैडमिंटन





एसोसिएशन ऑफ इंडिया बाई के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने देश में नये बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण कराया, पहले से बने कोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का विकसित किया, खिलाड़ियों को विदेशों में प्रशिक्षण दिलावाया, उनके लिए नकद पुरस्कार के साथ प्रीमियर बैडमिंटन लीग शुरू किया ताकि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक खेलने का मौका मिले और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। राजधानी लखनऊ में भी उन्होंने बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी का निर्माण कराया जो विश्वस्तरीय अकादमी है और इसमें ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट से लेकर सभी प्रमुख राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी खेल चुके हैं। बैडमिंटन के साथ उन्होंने क्रिकेट व अन्य खेलों को भी बढ़ावा दिया। राजधानी में क्रिकेट प्रतियोगिताओं में मदद की, बीबीडी यूनिवर्सिटी में क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण कराया और उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सभी खेलों के विकास के लिए अपने स्तर से भरसक प्रयास किया ताकि भारत वर्ष खेल के क्षेत्र में आगे बढ़े। बैडमिंटन जिसके वे स्वयं अंतर्राष्ट्रीय शटलर थे, इसके प्रति उनका प्रेम जग जाहिर था। वे हमेशा बैडमिंटन के विकास, गांव-कस्बों तक बैडमिंटन को लोकप्रिय बनाने, स्कूल स्तर पर बैडमिंटन को बढ़ावा देकर शटलरों की नयी पौध तैयार करने के लिए सरकार के स्तर पर, बैडमिंटन ऐसोसिएशन की तरफ से और निजी तौर पर भी हमेशा प्रयासरत रहे और अपने समय में ही बैडमिंटन में भारत को दुनिया का सुपर पावर बना दिया था। देश में जब भी खेलों का इतिहास लिखा जायेगा, तो भारतीय बैडमिंटन को दुनिया में सिरमौर बनाने के लिए डा. अखिलेश दास गुप्ता के अथक प्रयास स्वर्ण अक्षरों में दर्ज होंगे। खेल में भारत को सुपर पावर बनाने के डा. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार करने के लिए उनके युवा पुत्र विराज सागर दास भी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं। विराज सागर दास बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया में उपाध्यक्ष, इंडियन ओलंपिक संघ के यूथ कमीशन के अध्यक्ष, यूपी ओलंपिक संघ एवं यूपी बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष के रूप में खेलों के विकास के लिए समर्पित हैं। युवा खेल प्रशासक के रूप में उनके प्रयासों से प्रदेश के कई नवोदित खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिला है। विराज सागर दास बैडमिंटन के साथ अन्य खेलों में के विकास के लिए भी समर्पित हैं।

सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 12 अप्रैल, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 98, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## आपूर्ति शृंखलाओं को बनायेंगे मजबूत : गोयल

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। } 10

## तृणमूल के सिंडिकेट राज को खत्म करेगी भाजपा : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यदि भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट राज को समाप्त कर देगी। } 12

## विकास की नयी इबारत लिखेगा लखनऊ

### राजनाथ सिंह ने विभिन्न योजनाओं का बटन दबाकर किया उद्घाटन



विशेष संवाददाता

लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ छावनी स्थित सेना के मध्य कमान के स्मृतिका युद्ध स्मारक में एक अत्याधुनिक लेजर, लाइट और साउंड शो का उद्घाटन किया। लगभग 30 मिनट का यह हिंदी मल्टीमीडिया शो, उन्नत प्रोजेक्शन, साउंड और लाइटिंग तकनीकों के माध्यम से ...शेष पृष्ठ 10 पर

## इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच हुई शांति वार्ता

### ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ व अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कई अहम मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता शनिवार को यहां शुरू हुई। ईरानी मीडिया ने यह जानकारी दी। इस वार्ता का उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक स्थायी शांति समझौते पर पहुंचना है। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को पंगु बना दिया है और व्यापक पैमाने पर आर्थिक व्यवधान पैदा किए हैं।

इस वार्ता से पहले, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल और ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ के नेतृत्व में ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। ईरानी मीडिया ने कोई विवरण



अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस



ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गालिबफ

साझा किए बिना बताया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता इस्लामाबाद में शुरू हुई। वेंस विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर समेत अमेरिका के कई वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस्लामाबाद पहुंचे। वह गालिबफ के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल के पाकिस्तान की राजधानी पहुंचने के कुछ घंटे बाद यहां पहुंचे। ईरानी प्रतिनिधिमंडल में गालिबफ के अलावा विदेश मंत्री अब्बास अराघची, सर्वोच्च राष्ट्रीय रक्षा परिषद के सचिव अली अकबर अहमदीन और ईरानी केंद्रीय बैंक के गवर्नर अब्दोलनासेर हेम्मती शामिल हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में यह शांति वार्ता ईरान और अमेरिका द्वारा दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा किए जाने के चार दिन बाद हो रही है। हालांकि, लेबनान पर इजराइल के बड़े पैमाने पर हमलों में 300 से अधिक लोग मारे गये हैं। तेहरान ने दावा किया कि हमले ने युद्धविराम समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है, वहीं अमेरिका और इजराइल ने कहा कि लेबनान इस समझौते का हिस्सा नहीं था। इस बीच, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने शनिवार को उम्मीद जताई कि यहां होने वाली अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता से पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित होगी। विदेश कार्यालय ने एक बयान में कहा कि शरीफ ने यह बात उपराष्ट्रपति वेंस के नेतृत्व में आए अमेरिकी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### आशा भोसले को पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल में भर्ती



मुंबई। दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले को शनिवार शाम को दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हुई। सूत्रों के अनुसार, 92 वर्षीय गायक को फेफड़ों से संबंधित समस्याएं भी थीं।

### अब डिजिटल माध्यम से ही जमा होगा टोल

नयी दिल्ली। देश भर के राष्ट्रीय राजमार्ग टोल प्लाजा पर शनिवार से सभी शुल्क भुगतान विशेष रूप से फास्टैग या यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) जैसे डिजिटल माध्यमों से ही लिए जा रहे हैं। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। यह कदम टोल संग्रह में दक्षता और पारदर्शिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### तीन आईपीएस अफसर बदले

लखनऊ। शासन से शनिवार को तीन आईपीएस के स्थानान्तरण हुए। पुलिस अधीक्षक देवरिया रहे संजीव सुमन को पुलिस अधीक्षक सम्बद्ध मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश लखनऊ भेजा गया। वहीं सेनानायक 32वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ से प्राची सिंह को पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर और पुलिस अधीक्षक अम्बेडकरनगर रहे अभिजीत आर शंकर को पुलिस अधीक्षक देवरिया नियुक्त किया गया।

# कई टुकड़ों में बंटने वाला है पाकिस्तान : योगी

- बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र बांटे
- मियांपुर का नाम अब रविंद्र नगर

बृज किशोर दीक्षित

लखीमपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित 331 हिंदू परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि पापी पाकिस्तान और टुकड़ों में बंटने वाला है। उन्होंने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और टीएमसी पर भी तीखा हमला करते हुए कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति का सबसे बड़ा दंश हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदायों ने झेला है। मुख्यमंत्री ने मियांपुर का नाम बदलकर ह्यरविंद्र नगरह्ण करने की घोषणा की और कहा कि अब किसी क्षेत्र की पहचान गुलामी के प्रतीकों से नहीं होगी। इस अवसर पर उन्होंने तीन विधानसभा क्षेत्रों की 417 करोड़ रुपये की 213 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने बड़ी संख्या में लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज लखीमपुर खीरी जनपद में लगभग 7,000 परिवारों यानी लगभग 35,000 लोगों को भौमिक अधिकार प्रदान किए गए हैं। पलिया के बाद अब मोहम्मदी में भी 1,000 परिवारों को यह अधिकार उपलब्ध कराया जा रहा है। यह योजना बांग्लादेश से 1947 और 1971 में आए परिवारों को उनका अधिकार देने की है। पापी पाकिस्तान ने अपने कर्मों से भारत का विभाजन कराया, फिर पाकिस्तान के भी टुकड़े हुए। इंतजार करिए, अभी यह





और टुकड़ों में बंटने वाला है। लेकिन पाकिस्तान के पापों की सजा वहां रह रहे हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को मिली, क्योंकि उनके यहां किसी अन्य धर्म के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश ने इन लोगों को ठुकराया और उनकी जमीन व पैतृक संपत्ति पर कब्जा किया। लेकिन, त्रासदी के बाद यहां आने वालों को कांग्रेस ने भी अधिकार नहीं दिया। उनके वोट तो लिए, लेकिन मालिकाना हक कभी नहीं दिया। बल्कि, उनकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम मियांपुर रख दिया गया, जबकि वहां एक भी मियां नहीं ...शेष पृष्ठ 10 पर

### थारू समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेगी सरकार

लखनऊ/लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखीमपुर खीरी के लोगों को बड़ी सौगात दी। महात्मा ज्योतिबा फुले व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जनपद में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी।

संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। इसके साथ ही सीएम ने फिर चेताया कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी। मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ऐतिहासिक चंद्र यात्रा से लौटे चार अंतरिक्ष यात्री



वाशिंगटन। तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह के बीच नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री ऐतिहासिक चंद्र यात्रा पूरी करने के बाद प्रशांत महासागर में सुरक्षित उतर गए। यह 50 वर्षों से अधिक समय बाद चंद्रमा तक पहली मानव उड़ान है।

नासा के भारतीय मूल के सहायक प्रशासक अमित क्षत्रिय ने सैन डिएगो तट के पास शुक्रवार को (पूर्वी समयानुसार 8:07 बजे) पृथ्वी पर वापसी के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंद्रमा तक जाने का रास्ता खुल गया है, लेकिन आगे का काम पीछे किए गए काम से कहीं अधिक बड़ा है। इस मिशन में शामिल कमांडर रीड वाइसमैन, पायलट विक्टर ग्लोवर, क्रिस्टीना कोच और कनाडा के जेरेमी हैनसेन ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## देश की दिशा तय कर रहे युवा : धामी

### डीएवी पीजी कॉलेज के छात्रसंघ कार्यक्रम में पहुंचे सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज का युवा वर्ग राष्ट्र की प्रगति का सबसे सशक्त आधार बन चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवा केवल आने वाले समय की उम्मीद नहीं, बल्कि वर्तमान में भी देश की दिशा और गति निर्धारित करने वाली निर्णायक शक्ति हैं। डीएवी पीजी कॉलेज में आयोजित छात्रसंघ समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, नवाचार और मजबूत इच्छाशक्ति देश के विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री धामी ने छात्र राजनीति



के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल चुनावी गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता, समन्वय और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। ऐसे अनुभव युवाओं को निर्णय लेने में सक्षम बनाते हैं और उन्हें समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक के रूप में तैयार करते हैं। उन्होंने अखिल ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बंगाल में यूसीसी लागू करेगी भाजपा : मोदी

### तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करना ही भाजपा का संकल्प

एजेंसी

जंगीपुर (प. बंगाल)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए तुष्टीकरण की राजनीति को समाप्त करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का शनिवार को वादा किया। उन्होंने साथ ही कहा कि भाजपा बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देगी।

मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले के जंगीपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने आगामी विधानसभा चुनावों को पश्चिम बंगाल की पहचान और भविष्य की रक्षा की लड़ाई के रूप में पेश किया, जबकि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और घुसपैठियों के समर्थन का



आरोप लगाया। मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पार्टी का घोषणापत्र जारी करने के एक दिन बाद कहा, देश की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। भाजपा का संकल्प है कि पश्चिम बंगाल में तुष्टीकरण की राजनीति को हमेशा के लिए समाप्त करने के वास्ते यूसीसी लागू किया जाये। राज्य के कई हिस्सों में तेजी से हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों का दावा करते हुए, मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने अपना पुराना नारा मां-माटी-मानुष त्याग दिया है और अब सत्ता बरकरार रखने के लिए घुसपैठियों और वोट बैंक की राजनीति पर निर्भर है। उन्होंने कहा, तृणमूल कांग्रेस मां-माटी-मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी। लेकिन अब वह घुसपैठियों के मतों से सरकार बनाना चाहती है। पश्चिम बंगाल अब तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति बर्दाश्त नहीं करेगा। हम बंगालियों को राज्य में अल्पसंख्यक नहीं बनने देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव पश्चिम बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल ने अपना मन बना लिया है: अपनी पहचान और भविष्य के लिए, वह बदलाव लाएगा। मोदी ने कहा बंगाल का ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 40.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- साइबर धोखाधड़ी से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़ (पृष्ठ-10)
- तेलंगाना में 42 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण (पृष्ठ-10)
- संघर्ष के बीच एक और जहाज आया भारत (पृष्ठ-10)
- जब्त होगी मादक पदार्थ तस्करों की सम्पत्ति (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** पुण्यतिथि पर लखनऊ में कई स्थानों पर अयोजित होंगे भंडारे, रक्तदान शिविर, नेत्र जांच व चश्मा वितरण कार्यक्रम

# डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी की पुण्यतिथि आज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व पूर्व मेयर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्य तिथि शनिवार को बीबीडी यूनिवर्सिटी में मनायी जायेगी। इस मौके पर बीबीडी यूनिवर्सिटी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी की स्मृति में सुबह 10.30 बजे अखिल ज्योत-2025 के तहत डिजिटल विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ सुबह साढ़े दस बजे से ऑडीटोरियम में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया जायेगा। 12 बजे होटल सागर सोना और फॉक्सवैगन की टीम द्वारा होटल सागर सोना गोमतीनगर में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की 8 वीं पुण्य तिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। 12.30 बजे कॉरपोरेट ऑफिस व सेन्ट्रल स्टोर, बीबीडी ग्रीन सिटी में मौन रखकर डॉ. अखिलेश दास गुप्ता जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी। इसके बाद विराज कारपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड टीम द्वारा बीबीडी टाइम्स स्कायर में भंडारे का कार्यक्रम होगा। 3 बजे संत मदर टेरेसा आश्रम, सप्रू मार्ग हजरतगंज में सुश्री जयश्री प्रिया गुप्ता एवं अजयदीप द्वारा फल वितरित किया जायेगा। सायं 5.30 बजे डॉ. भीमराव अम्बेडकर चौराहे के निकट विपिन खंड गोमतीनगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा के बाद विशाल भंडारे का कार्यक्रम होगा। इसके बाद स्पर्श दरबारी व महेश चन्द्र राठौर द्वारा अलीगंज हनुमान मंदिर में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर सुंदरकांड होगा। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जायेगा। खेलों को लेकर उत्साहित रहने वाले डॉ. अखिलेश



**डॉ. अखिलेश दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर कार्यक्रमों का आयोजन**

- नेशनल सर्विस स्कीम (एनएसएस) द्वारा बीबीडी यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन।
- लखनऊ स्थित डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में डिजिटल ग्रोथ पर एआई से सम्बन्धित इंटरनेशनल कान्फ्रेंस
- अखिल ज्योत नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर दन्त परामर्श एवं जांच का कार्यक्रम
- बीबीडी टाईम्स स्कवायर में श्रद्धांजलि समारोह और भंडारे का आयोजन।
- बीबीडी ग्रीन सिटी सेंटर स्टोर के स्टाफ द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन।
- नि:शुल्क आंखों की जांच एवं चश्मा का वितरण का कार्यक्रम, राजेन्द्र नगर, पानी टंकी पार्क, लखनऊ व नयी बस्ती, उदयगंज, लखनऊ में।

दास गुप्ता की पुण्यतिथि पर इस बार उनकी स्मृति में पहली बार हरिश्चन्द्र इंटर कॉलेज सदर बाजार के खेल के मैदान में विशाल इनामी कुश्ती दंगल का आयोजन किया जा रहा है। जिसका संचालन पहलवान विवेक यादव (यूपी चैम्पियन) अध्यक्ष जिला कुश्ती संघ, भारतीय पद्धति लखनऊ संचालक गुरुजी का अखाड़ा द्वारा किया जा रहा है। शहर में सुबह से ही पूजा-अर्चन के कार्यक्रमों के अलावा, फल ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

## पुलिस ने 25 हजार के इनामी जुनैद को दबोचा

**इटावा।** 25,000 रुपये के इनामिया व गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार। थाना बसरेहर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे 11 अप्रैल को थाना बसरेहर पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि 25,000 का इनामिया, वांछित अभियुक्त जुनैद पुत्र भूरा दीपू बम्बा कस्बा बसरेहर बाईपास कट के पास खड़ा है सूचना पर कार्यवाही करते हुये थाना बसरेहर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। आरोपित जुनैद पुत्र भूरा निवासी मोहल्ला नक्कालान वार्ड सं. 12 कस्वा व थाना भोजपुरा मुरादाबाद है। पुलिस टीम में उ.नि. सौरभ सिंह थानाध्यक्ष बसरेहर रहे।

## एबीवीपी ने किया वंदे मातरम सामूहिक गान

**इटावा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा वंदे मातरम सामूहिक गान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती, स्वामी विवेकानंद और भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई, जिसके बाद पूरे परिसर में वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का आयोजन 11 अप्रैल को नगर में किया गया जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया जैसे ही वंदे मातरम का सामूहिक स्वर गूंजा, पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना और उन्हें देश के प्रति अपने कर्तव्यों का एहसास कराना रहा। मुख्य वक्ता अभिषेक मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि स्वतंत्रत संग्राम की आत्मा है।

# अवैध मिट्टी खनन को लेकर ग्राम प्रधान ने डीएम से की शिकायत

## खनन विभाग पर मिलीभगत का लगा गंभीर आरोप

**गीडा, गोरखपुर।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत शम्भूचक सेमरा और जमुआड़ क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का काला खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार को बड़गहन की ग्राम प्रधान बरसाती देवी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर खनन माफियाओं के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि खनन विभाग की कथित मिलीभगत से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है, जिससे न केवल सरकार को राजस्व का चूना लग रहा है, बल्कि स्थानीय किसान भी भुखमरी की कगार पर पहुँच गए हैं।

ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पूर्व में 04 नवंबर 2025 को शम्भूचक सेमरा और जमुआड़ के बीच सीमा निर्धारण के स्पष्ट आदेश जारी हुए थे। प्रशासन द्वारा मौके पर सीमांकन बोर्ड भी लगाया गया था, ताकि किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण या खनन को रोका जा सके। लेकिन कुछ समय की शांति के बाद खनन माफिया फिर से सक्रिय हो गए हैं और प्रशासनिक आदेशों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से खुदाई कर रहे हैं। यह अवैध कारोबार बेहद व्यापक स्तर पर फैल चुका है। प्रतिदिन लगभग 500 डम्पर अवैध मिट्टी निकाली जा रही है। इस पूरे खेल में न तो सरकार को कोई रॉयल्टी मिल रही है और न ही किसानों को मुआवजा।

● **खनन विभाग की कथित मिलीभगत से क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है**

अवैध मिट्टी खनन का सारा मुनाफा कारोबारी और बिचौलिए अपनी जेबों में भर रहे हैं।

??सबसे गंभीर स्थिति उन किसानों की है जिनकी जमीनों पर जबरन खुदाई की जा रही है। आरोप है कि जब भी कोई किसान अपनी जमीन बचाने के लिए विरोध करता है, तो अवैध कारोबारियों द्वारा उन्हें गालियां दी जाती हैं और जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया जाता हैं। इस आतंक के कारण किसान मानसिक प्रताड़ना झेल रहे हैं और अपनी आजीविका छिन जाने से अत्यंत भयभीत हैं।

बरसाती देवी ने शिकायती पत्र में स्पष्ट कहा है कि खनन विभाग की मिलीभगत के बिना इतना बड़ा खेल संभव नहीं है। माफियाओं के पास न तो कोई वैध पट्टा है और न ही नियम-कानून का डर। किसान अपनी ही जमीन पर बेबस हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर शिकायत पर क्या कड़ा रुख अपनाता है।

इस संबंध में जिला खनन अधिकारी अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उन्हें अभी इस शिकायत के बारे में जानकारी नहीं है। हालांकि, उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि शम्भूचक सेमरा में मिट्टी खनन की जांच कराई जाएगी। यदि वहां कोई भी अवैध गतिविधि पाई जाती है, तो दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## प्रेमिका ने प्रेमी के परिजनों पर लगाया मारपीट करने का आरोप, केस दर्ज

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर प्रेमी के परिजनों पर मारपीट का आरोप लगाया है। एसएसपी के निर्देश पर मुकामी पुलिस ने बी एन एस की धारा 115 (2), 352 व 351(3) के तहत मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। स्थानीय थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने बरिष्ठ पुलिस अधिक्षक को लिखित तहरीर देकर बताई कि कैन्ट थाना क्षेत्र के चारफाटक पावर हाउस कालोनी निवासी हरिओम पुत्र राजेश शादी का झांसा देकर चार वर्षो तक शारीरिक शोषण करने के पश्चात शादी से इंकार करने लगा। मेरे द्वारा चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत कराने पर पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर आरोपी को जेल भेज दी। युवक की बहन रागिनी उसके परिचित रोहित पासवान व धर्मेन्द्र यादव डरा धमका कर एवं शादी कराने का अश्वासन देकर मेरा बयान बदलवा दिए। प्रेमी के जेल से छूट कर आने पर जब मेरे द्वारा शादी का प्रस्ताव रखा गया तो उक्त तीनो लोग मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये घर से बाहर कर दिए। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ज्योतिबा फुले की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा क्षेत्र के चकदेइया स्थित मैरेज हॉल पर समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया।कार्यक्रम में शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और प्रतिभा सम्मान की झलक देखने को मिली।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा चौरीचौरा विधायक ई0.सरवन निषाद रहे। विशिष्ट अतिथि एससी-एसटी आयोग के उपाध्यक्ष बेचन राम व नगर पंचायत अध्यक्ष सन्नी जायसवाल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विजय कुमार ने किया। कार्यक्रम का आयोजन श्रवण कुमार वेलफेयर सोसाइटी के सचिव विश्वजीत जायसवाल द्वारा किया गया। इस दौरान सन्नी सांवरिया की टीम ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के 10 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में चयनित 30 मेधावी बच्चों को मुख्य अतिथि द्वाराप्रमाणपत्र, स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर प्रो. गगनदीप भारती, अजय प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जायसवाल, अशोक राय, राजन मद्धेशिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर कार्यक्रम



**इटावा।** ग्राम मूंज में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आजाद समाज पार्टी-कांशीराम के प्रदेश सचिव बलवीर सिंह जाटव बब्लू के आवास पर हुआ, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज में समानता व जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। अपने संबोधन में बलबीर सिंह जाटव बब्लू ने कहा कि महात्मा फुले ने जातिवाद और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ ऐतिहासिक संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर वर्ष 1848 में बालिका शिक्षा की नींव रखी और दलितों, पिछड़ों व वंचित वर्गों को शिक्षा से जोड़ने का कार्य किया। साथ ही 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना कर समाज में समानता और न्याय का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला संयोजक हरिश्चंद्र गौतम, धर्मवीर दिवाकर, शिवम कठेरिया, चट्टान सिंह जाटव एवं सुधीर गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा परशुराम शाक्य, सुभाष चंद्र शाक्य, नंदकिशोर शाक्य, अवधेश शाक्य, मलखान सिंह कठेरिया, लाल सिंह कठेरिया, नीरज कठेरिया, प्रताप सिंह दिवाकर, लखान सिंह कठेरिया, सर्वेश जाटव, आनंद बाबू जाटव, महेश जाटव के अलावा दीपशिखा जाटव, ममता देवी जाटव, सरोज दिवाकर, मुन्नी देवी जाटव, करिश्मा दिवाकर और विनीता जाटव सहित महिलाओं की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।

## गेहूं खरीद में अव्यवस्था, सत्यापन को भटक रहे किसान

**जसवंतनगर, इटावा।** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी-पैक्स में गेहूं खरीद के दौरान अव्यवस्थाओं का मामला सामने आया है। समिति की सचिव प्रियंका यादव के अनुसार अब तक 211 कुंतल गेहूं ऑफलाइन खरीदा जा चुका है और करीब 15 किसानों का पंजीकरण भी हो चुका है। बावजूद इसके कई किसान सत्यापन प्रक्रिया पूरी न होने के कारण परेशान हैं। मौके पर मौजूद किसान केदार सिंह (कुरसेना), पूनम (मानिकपुर बीबा मऊ), प्रवीन (मेहलई), विजय सिंह (पिपरेधी) और श्याम प्रकाश (जुगोरा) ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के बाद वे लगातार तहसील के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उनका सत्यापन नहीं हो सका है। किसानों का आरोप है कि बिना सत्यापन के ही उनका गेहूं खरीद लिया गया, जिससे भविष्य में भुगतान को लेकर संशय बना हुआ है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि सत्यापन प्रक्रिया में सुविधा शुल्क की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि बिना अतिरिक्त पैसे दिए काम आगे नहीं बढ़ रहा, जिससे वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हैं। इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि सत्यापन प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए, साथ ही सुविधा शुल्क लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

## एंटी भू-माफिया अभियान की बड़ी कार्रवाई 50 लाख की सरकारी जमीन कब्जामुक्त

**मौरावां,(वीओएल)।** उन्नाव जिले में प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे एंटी भू-माफिया अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 50 लाख रुपये मूल्य की सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई पुरवा तहसील के ग्राम पारा, परगना मौरावां में की गई, जहां सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पारा के मजरा घीनाखेड़ा निवासी सोहन पुत्र लोधेश्वर द्वारा गाटा संख्या 1693 (ख) की 0.038 हेक्टेयर ऊसर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी। आरोप है कि उसने जमीन पर पिलर गाड़कर अपने कब्जे को स्थायी रूप देने की तैयारी कर ली थी। इस मामले की जानकारी ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन को दी, जिसके बाद तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। शिकायत मिलते ही उपजिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए। उनके निर्देश पर नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, क्षेत्रीय लेखपाल और राजस्व टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया और पाया कि सरकारी भूमि पर अवैध रूप से पिलर लगाए गए हैं। निरीक्षण के बाद टीम ने बिना देरी किए मौके पर ही कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से लगाए गए पिलरों को हटवाया और भूमि को पूरी तरह कब्जामुक्त कराया। इस दौरान प्रशासनिक टीम की मौजूदगी में स्थानीय ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होता दिखाई दे, तो उसकी सूचना तुरंत संबंधित तहसील या प्रशासनिक अधिकारियों को दें।



# हम सभी का प्रयास हो कि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाये : महेन्द्र पाल सिंह




● **कंपोजिट विद्यालय तिनकोनिया नंबर 2 में निकाली गयी स्कूल चलो अभियान जन जागरूकता रैली**

चरगांवा, गोरखपुर। पिपराइच विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय तिनकोनिया नंबर 2 में शनिवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जन जागरूकता रैली निकाली गयी। बतौर मुख्य अतिथि पिपराइच विधायक महेंद्रपाल सिंह व बेसिक शिक्षा अधिकारी धीरेन्द्र त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। तथा स्वयं भी रैली में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि ह्यस्कूल चलो अभियानह्ण का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों का नियमित रूप से विद्यालय में नामांकन कराएं और उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंच सके।

कार्यक्रम में एबीएसए विजय कुमार गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य रामउग्रह चौहान, पूर्व जिला मंत्री भाजपा नरेन्द्र सिंह, मनोज यादव, राजेश सिंह, सुग्रीव यादव, अजय कुमार सिंह, अजय दूबे, राघवेन्द्र मिश्रा, सुरेन्द्र सिंह, अखिलेश कुमार मल्ल, विक्रम सिंह, अरुण कुमार, विनोद श्रीवास्तव, कमला देवी, रेखा सिंह, मांडवी सिंह, निरंजन दास, राकेश विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग, अध्यापकगण, अभिभावक एवं नन्हे-मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे।

## स्कूली बच्चों की जान से खिलवाड़, जिम्मेदार मौन

**जसवंतनगर, इटावा।** नगर क्षेत्र में संचालित कई स्कूलों में बच्चों के परिवहन को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। बिना निर्धारित मानकों के एलपीजी ऑटो, ई-रिक्शा और गैस किट लगी ओमनी वैन में स्कूली बच्चों को ठूंस-ठूंस कर लाया-ले जाया जा रहा है। शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऐसा ही नजारा देखने को मिला जहां छोटे-छोटे बच्चों को क्षमता से अधिक संख्या में बैठाकर वाहन दौड़ते नजर आए। प्रशासनिक स्तर पर भी नियम विरुद्ध चल रहे इन वाहनों को नियंत्रित करने के मामले में लापरवाही बरती जा रही है।

## महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया जागरूक




● **मिशन शक्ति 5.0 के तहत साइकिल रैली का आयोजन**

**गीडा,गोरखपुर।** नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत शनिवार को बाल विकास परियोजना पिपरौली द्वारा एक विशाल जन जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। यूनिसेफ के मंडली समन्वयक सुरेश तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया और स्वयं भी साइकिल चलाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने संदेश दिया कि समाज की वास्तविक प्रगति नारी की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता में ही निहित है। यह रैली जूनियर विद्यालय भौवापार से शुरू होकर स्थानीय बाजार के मुख्य मार्गों से गुजरी, जहाँ बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने नारी शक्ति जिंदाबाद के नारों के साथ माहौल को ऊर्जावान बना दिया। रैली के समापन पर बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊषा रानी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नंबरों, कल्याणकारी योजनाओं और सेनी पैड वितरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोविंद जी श्रीवास्तव, राम मनोहर त्रिपाठी, प्रधानाचार्य समेत मीनाक्षी मिश्रा, प्रमिला यादव, उषा पाण्डेय आदि आंगनवाड़ी कार्यकताएं व ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**असोहा, वीओएल)।** नेवादा गांव निवासियों ने ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा को पत्र लिख गांव की जर्जर विधुत लाइन बदलवाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग चालीस वर्ष पूर्व गांव का विधुतीकरण हुआ था तब से गांव में वही विधुत लाइन पड़ी है, तार पुराने होने के चलते आये दिन टूट टूट कर गिरते है ज्यादा लोड हो जाने पर फाल्ट हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में गांव में तीन ट्रांसफार्मर रखे थे परन्तु विभाग ने एक उठवा लिया जिस्से ओवर लोड हो जाने के कारण आये दिन फाल्ट बनी रहती है।

## डबल इंजन की सरकार में व्यापारी भय मुक्त होकर कार्य कर रहे : अन्नू गुप्ता



**इटावा।** उप्र में जब से योगी की सरकार बनी है तब से प्रदेश में व्यापारी सुरक्षित भय मुक्त होकर व्यापार कर रहे किसी भी गुंडा माफिया की हिम्मत नहीं है कि किसी व्यापारी का उत्पीड़न कर सके उक्त उदगार उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की मासिक बैठक में उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलासंरक्षक एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहे उन्होंने आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार में व्यापारी प्रथम वरीयता में आते हैं योगी आदित्यनाथ के द्वारा पूरे प्रदेश में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक व्यापार बंधु की बैठकें उद्योग बंधु की बैठक श्रम बंधु की बैठक करके व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारित किया जाता है जिससे व्यापारी अपने आप को प्रदेश में सुरक्षित महसूस कर रहा है मासिक बैठक में प्रांतीय सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी जो भाजपा में भी पदाधिकारी चुने गए ऐसे पदाधिकारी को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया जिसमें उप्रउद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिलाउपाध्यक्ष मधु तोमर को भाजपा में जिला मंत्री शहर उपाध्यक्ष अखिलेश कौशिक को भाजपा पुराना शहर मंडल में महामंत्री शहर उपाध्यक्ष अमित वर्मा को भाजपा में पुराना शहर मंडल में कोषाध्यक्ष शहर उपाध्यक्ष अक्षय बाजपेई को पुराना शहर मंडल में मंत्री एवं शहर उपाध्यक्ष एकलव्य भदोरिया को नया शहर मंडल में संयोजक नियुक्त होने पर उनको फूल मालाओं से लदकर प्रतीक चिन्ह सम्मानित किया।


**फॉर्म नंबर URC-2**
**एक्ट के चैप्टर XXI के पार्ट। के तहत रजिस्ट्रेशन के बारे में नोटिस देने वाला विज्ञापन [कंपनी एक्ट, 2013 के सेक्शन 374(b) और कंपनी (रजिस्टर करने के लिए ऑथराइज्ड) रूल्स, 2014 के रूल 4(1) के अनुसार]**

**1.** यह नोटिस दिया जाता है कि कंपनी एक्ट, 2013 के सेक्शन 366 के सब-सेक्शन (2) के अनुसार, पंद्रह दिन बाद लेकिन तीस दिन खत्म होने से पहले सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC) के रजिस्ट्रार को एक एप्लीकेशन देने का प्रस्ताव है कि THREE C HEART MULTISPECIALITY LLP, एक LLP, को कंपनी एक्ट 2013 के चैप्टर XXI के पार्ट। के तहत शेयरों द्वारा लिमिटेड कंपनी के तौर पर रजिस्टर किया जा सकता है।

**2.** कंपनी के मुख्य मकसद इस तरह हैं:-
•सुपर स्पेशियलिटी हेल्थ सेंटर, हॉस्पिटल, मेडिकल क्लिनिक, नर्सिंग होम बनाना, खरीदना, लीज़ पर लेना, हासिल करना, स्थापित करना और चलाना और आने-जाने वाले मरीज़ों को सर्विस देना और सर्जिकल और मेडिकेयर सर्विस से जुड़े सभी काम चलाना।
•बीमारियों के डायग्नोसिस, रोकथाम और इलाज के लिए पैथोलॉजिकल लैब, डायग्नोस्टिक्स सेंटर, फार्मेसी और कार्डियोग्राफी सेंटर बनाना, हासिल करना, सेटअप करना और चलाना।

**3.** प्रस्तावित कंपनी के ड्राफ्ट मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की एक कॉपी C 3437, राजाजी पुरम, तालकटोरा, 1487, आवास विकास कॉलोनी, राजाजीपुरम, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, इंडिया, 226017 पर ऑफिस में देखी जा सकती है।

**4.** यह नोटिस दिया जाता है कि इस एप्लीकेशन पर कोई भी आपत्ति करने वाला व्यक्ति इस नोटिस के पब्लिकेशन की तारीख से इक्कीस दिनों के अंदर सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC), इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट नंबर 6,7, 8, सेक्टर 5, IMT मानेसर, डिस्ट्रिक्ट गुड़गांव (हरियाणा), पिन कोड-122050 के रजिस्ट्रार को लिखकर अपनी आपत्ति बता सकता है, और इसकी एक कॉपी कंपनी को उसके रजिस्टर्ड ऑफिस में भेज सकता है।

**तारीख: 12 अप्रैल 2026**
**एप्लीकेंट का नाम**
**THREE C HEART MULTISPECIALITY LLP**



**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाणपत्र में त्रुटिवश उसका नाम आरोही सेन (AAROHI SEN) दर्ज हो गया है जबकि उसका सही नाम रिया सेन (RIYA SEN) है। अतः मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों में उसका नाम रिया सेन (RIYA SEN) ही लिखा, पढ़ा व समझा जाये। **नवल किशोर पुत्र पुत्तन लाल नि.- मो. इस्माइलपुर हनुमान मंदिर के पास, तह. व जिला सीतापुर।**



**न्यायालय सूचना**

**सम्मन वास्ते सूचना मुकदमा पक्षकारान**
**आदेश 5 नियम 2 दीवानी प्रक्रिया संहिता**
**श्रीमान न्यायालय बरूवा स्योठा पर./तह. नरैनी, जिला बांदा उ.प्र.**
**मुकदमा मं.- 825**
**तारीख पेशी- 02.05.2026**
**धारा- 34 यू.पी.आर.सी.**

श्रीमती उमर जहां .....आदि
**बनाम**
अब्दुल गफूर

ज्ञात हो कि सबीना आदि ने आपके नाम एक वाद/प्रार्थना पत्र पुर्नस्थापन न्यायालय में प्रस्तुत किया है, अतः आपको आदेशित किया जाता है कि आप तारीख 02.05.2026 को समय 10.00 बजे स्थान नरैनी(न्याया.तहसीलदार) स्वयं या जरिए अधिवक्ता उपस्थित होकर वाद का जवाब दे या जिसके साथ कोई और शख्श जो किसी ऐसे सवालात का जवाब दे सके, हाजिर हो जाये और जवाब देही दावा की दीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर वास्ते इनफ्सिाल कतई मुकदमा के ताबीज हुई है, बस आप को लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहों को जिनकी शहादत पर नीचे जुमता दस्तावेज जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्त दलाल करना चाहते हो, उसी रोज पेश कीजिये।

और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमून और फैसला होगा

बवक्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज दिनांक 02.04.2026 को जारी किया गया।

**असिस्टेण्ट कलेक्टर तहसीलदार, तहसील-नरैनी, जिला-बांदा।**


## पेट्रोलियम मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री को ज्ञापन भेजकर ऐतिहासिक विधानसभा क्षेत्र चौरी-चौरा में पीएनजी रसोई गैस पाइपलाइन बिछाने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि चौरी-चौरा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का एक गौरवशाली प्रतीक है।लेकिन आज भी यह क्षेत्र आधुनिक ऊर्जा संसाधनों के मामले में उपेक्षित है।उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया कि क्षेत्र में पाइपलाइन से प्राकृतिक गैस की आपूर्ति न होने के कारण घरेलू उपभोक्ताओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंनेपीएनजी रसोई गैस पाइपलाइन की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे जनता को स्वच्छ और सस्ता ईंधन प्राप्त होगा।

# 50 शिक्षकों ने रक्तदान कर दिया संदेश



**उन्नाव (वीओएल)।** संकल्प सेवा समिति एवं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, उन्नाव के संयुक्त तत्वावधान में चंद्रलोक गार्डन, उन्नाव में शनिवार को आयोजित 253वें निःशुल्क रक्तदान शिविर ने सामाजिक जिम्मेदारी की प्रेरणादायक मिसाल पेश की। शिविर में बेसिक शिक्षा विभाग के 50 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता, बिंदा प्रसाद शास्त्री (निजी सचिव, जिला पंचायत अध्यक्ष), गणेश प्रसाद व बच्चू लाल रावत ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया ने कहा कि ह्लरक्तदान जीवन का सर्वोत्तम उपहार है, एक रक्तदाता चार लोगों की जान बचा सकता है।ह्व जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र ने रक्तदान को सामाजिक उत्तरदायित्व बताते हुए शिक्षकों से निरंतर सहभागिता की अपील की। प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार ने रक्तदान अवकाश के मुद्दे को विधायक के समक्ष उठाया, जिस पर विधायक ने शासन स्तर पर समाधान का आश्वासन दिया। संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह चैहान ने बताया कि ऐसे शिविरों से लोगों में जागरूकता बढ़ती है और भय दूर होता है। शिविर में आई क्यू हॉस्पिटल कानपुर की टीम द्वारा निशुल्क नेत्र परीक्षण भी किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, कानपुर की टीम के निर्देशन में शिविर संपन्न हुआ। संस्था ने आयोजकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान करने वाले प्रमुख शिक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल, दीपक वर्मा पटेल, दिलीप अवस्थी, विनीत बाजपेई, अमित शर्मा, वीरेंद्र कुमार, अर्पित मिश्र, गणेश शंकर गुप्ता, शैलेंद्र पटेल, अविनाश पाल, ऋषभ सिंह, पवन पांडे, बृजेश सिंह, रविकांत सिंह, उमेश कुमार मौर्य, पवन कनौजिया, आलोक कुमार, गौरव वर्मा, अंकुरेश अवस्थी, प्रदीप पांडे, विनीता देवी, प्रियंका चैहान, सत्येंद्र कुमार वर्मा, सर्वेश प्रताप, शशि शंकर वर्मा, नमो नारायण श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे।

## अदिति आई हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

**इटावा।** शहर के सिविल लाइन्स ईदगाह जीजीआईसी के सामने विश्व स्तरीय मशीनों व सुविधाओं से सुसज्जित अदिति आई हॉस्पिटल का मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश रामचन्द्र यादव, डॉक्टर दीपा गौर एमबीबीएस एमएस, अनिल कुमार गौर पूर्व अध्यक्ष डीबीए सहित शहर के गणमान्य लोगों की उपस्थित में फीता काट कर विधिवत शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने अदिति आई हॉस्पिटल को देखकर कहा कि ऐसी विश्व स्तरीय मशीनों व सुविधाओं से आंखों के मरीजों को शहर में ही अब बेहतर इलाज मिल जाएगा।


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **नि० सूचना संख्या — 29 वर्ष 2026,** कार्य का विवरण : गोरखपुर कैंट—लखनऊ जंक्शन :— लखनऊ जंक्शन डिवीजन के अंतर्गत 20000 से अधिक टीवीयू वाले 6 एलसी गेटों का इंटरलॉकिंग कार्य। (19सी PJ-CM, 25सी CM-ANDN, 26सी CM-ANDN, 91सी BNY-PPW, 52सी SYU-BVN और 166सी GK-BNKJ), अनुमानित लागत : ₹ 3,13,42,992.94, बयाना राशि : ₹ 6,26,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य : Rs. 00.00, कार्य समापन अवधिः 06 माह, **(1)** निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समय : **05.05.2026 को 15.00 बजे।** **नोटः**— इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

**वमसिदूई / पूउरे / लखनऊ**
**मुजाधि / सिगनल - 08**
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## गन्ने में आग लगाने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करनपुर में खड़ी गन्ने की फसल में आग लगाकर नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित शिवकुमार ने बताया कि उसने अपनी जमीन बटाई पर दे रखी थी, जिसमें गन्ने की फसल खड़ी थी। आरोप है कि 7 अप्रैल की रात गांव के पंकज शुक्ला और नटवर ने खेत में आग लगा दी, जिससे फसल जलकर नष्ट हो गई। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना से पीड़ित को आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मारपीट व धमकी का आरोप, चार पर मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बेहटा निवासी कुसुम देवी पत्नी राजेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे लक्ष्मीनगर कॉलोनी निवासी राकेश कुमार, बिजेन्द्र कुमार, महेंद्र कुमार व अमन कुमार एक राय होकर उनके घर पहुंचे और प्रार्थिनी, उसके पति व पुत्र अभिषेक कुमार को लाठी-डंडों व लोहे की भाली से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने जबरन खेत में लगी बांस की थनिया काटने का प्रयास किया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि एक आरोपी ने खुद को वकील बताकर दबाव बनाने का भी प्रयास किया।

## शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन की कुंजी: प्रमोद

जौनपुर। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि महात्मा फुले का जीवन सामाजिक परिवर्तन, शिक्षा के प्रसार और समानता के मूल्यों का प्रेरक उदाहरण है। उन्होंने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को शिक्षा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया, जो आज भी मार्गदर्शक है प्रो. यादव ने कहा कि फुले जी ने शिक्षा को समाज के कल्याण की कुंजी माना और महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर बालिकाओं के लिए विद्यालय स्थापित कर उस समय की सामाजिक रूढ़ियों को चुनौती दी। यह प्रयास न केवल साहस का प्रतीक था, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक पहल भी था। जनसंचार विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार ने छात्रद्छात्राओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को केवल व्यक्तिगत उन्नति का साधन न मानते हुए सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बनाएं। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त भेदभाव को समाप्त करने, शिक्षा का प्रसार करने और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। साथ ही समतामूलक, शिक्षित और जागरूक समाज के निर्माण हेतु महात्मा फुले के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने पर बल दिया गया।

# चैती मेले में स्कूली बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। देशभक्ति, देवभक्ति और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों ने लोगों को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री एवं भाजपा जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, अध्यक्षता स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान की प्रधानाचार्या शशिबाला राबड़ा तथा विशिष्ट अतिथियों राम मोहनंग सोनी, रविन्द्र भूषण सिंह, अरुण अवस्थी, पारस प्रसाद मिश्र, अजय वर्मा, प्रवीण गुप्ता, विजय झा, अयोध्या प्रसाद वर्मा, विद्याराम गुप्ता, फिरोज खान ह्यबेदिलह्न, विकास कुमार, मुनेन्द्र पाल सिंह, शिव कुमार सोनी, सतीश त्रिवेदी, सीमा सक्सेना एवं नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला ह्यरिंकूह्न द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि वासुदेव मौर्य ने कहा कि सरकार सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक आयोजनों को बढ़ावा दे रही है। मेला चैती अपनी प्राचीन परंपरा और धार्मिक महत्व के कारण विशेष पहचान रखता है। वहीं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मेले की भव्यता में सहयोग के लिए सभी का आभार जताते हुए नागरिकों से मेला देखने की अपील की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत मां शारदे विद्या मंदिर की प्रेरणादायी लघुनाटिका से हुई, जिसमें सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा का संदेश दिया गया। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गीत और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने सराहा।

**मेले में आज**

**सांस्कृतिक मंच पर कपिल बाबरा झांकी ग्रुप की प्रस्तुति आज सायं सात बजे।**

श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल एकेडमी, पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर, प्रकाशदीप शिक्षा निकेतन, श्री बाबूराम बाल उद्यान, ज्ञान स्थली एकेडमी, शारदे ज्ञान मंदिर, रामजानकी एकेडमी, मां सरस्वती शिक्षा मंदिर, ब्राइट पब्लिक एकेडमी, एसआर पब्लिक स्कूल, लिटिल होपर्स एकेडमी सहित कई विद्यालयों के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, राधा-कृष्ण प्रस्तुति, स्वच्छ भारत, मोबाइल के दुष्प्रभाव और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। इसके बाद आयोजित स्थानीय संगीत सम्मेलन में कलाकारों ने फिल्मी और भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। राजेश गुप्ता, आदेश राजपूत, बृजेश तिवारी, गायत्री सिंह, श्रीराम शाह और अयोध्या के सत्यांशु पटेल ने अपने गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया।

## स्टेट बैंक में आग से सामान हुआ राख

जौनपुर। जिले के जंघई बाजार में शनिवार सुबह 5 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की एक शाखा में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया, जिससे बैंक में रखा फर्नीचर और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। बैंक के ऊपरी तल पर रहने वाले मकान मालिक धर्मेंद्र जायसवाल उर्फ कल्लू जायसवाल को धुएं से घुटन महसूस हुई। उन्होंने अपने परिवार के साथ समय रहते नीचे उतरकर सुरक्षित बाहर निकल गए। घटना के समय बैंक मैनेजर जगजीत सिंह अवकाश पर अपने घर गए हुए थे। मकान मालिक से सूचना मिलने के बाद उन्होंने तुरंत बैंक स्टाफ को मौके पर भेजा और पुलिस व दमकल विभाग को सचित किया। प्रयागराज से दमकल की गाड़ियां पहुंचने में लगभग एक घंटे का समय लगा। तब तक आग ने बैंक को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया था और अंदर रखा फर्नीचर व उपकरण पूरी तरह नष्ट हो चुके थे। मैनेजर जगजीत सिंह ने बताया कि रिकॉर्ड रूम बैंक के पीछे कमरे में होने से सुरक्षित बच गया है जिससे डॉक्यूमेंट और कैश सुरक्षित है।

# रविंद्र नगर के नाम से जाना जायेगा मोहम्मदी का 'मियांपुर'

मोहम्मदी। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का हेलीकाप्टर मियांपुर में लैंड हुआ पूरा पांडाल जय जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में बंगाली समाज की महिलाओं ने



शंखनाद, घण्टी बजाकर व पुष्पवर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। योगी ने अपने लगभग एक घण्टे के सम्बोधन में कहा कि कांग्रेस का पाप देखो, आपकी पहचान छिपाने के लिए गांव का नाम ही मियांपुर रख दिया। एक भी मियां नहीं फिर भी नाम मियांपुर। अब यह मियांपुर नहीं रहेगा। भारत को राष्ट्रगान देने वाले गुरुदेव रविंद्रनाथ ठाकुर के नाम पर आपकी अब पहचान होगी। अब नया नाम रविंद्रनगर होगा।

## कोर्ट के आदेश पर फर्जी बैनामा व फसल नुकसान में एफआईआर दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र में फर्जी बैनामा कर जमीन हड़पने, फसल नुकसान पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। ग्राम खडरहिया मजरा लखरावां निवासी शिवलाल पुत्र छेदू ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसकी माता रम्या देवी के नाम दर्ज गाटा संख्या 859 व 860 तथा पिता की भूमि को विपक्षी उर्मिला देवी पत्नी जगमोहन ने फर्जी तरीके से बैनामा कर अपने नाम करा लिया। आरोप है कि इस कार्य में जगमोहन, प्रेम शंकर, ओम प्रकाश, जगन्नाथ और मंगरेलाल सहित अन्य लोगों की मिलीभगत रही। शिवलाल का कहना है कि उसके पिता की मृत्यु के बाद कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराया गया, जिसकी जानकारी उसे काफी समय बाद हुई। उस समय गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही थी, जिससे उसे समय रहते जानकारी नहीं मिल सकी। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि 11 दिसंबर 2024 को विपक्षी उर्मिला देवी व जगमोहन ने अपने सहयोगियों के साथ उसकी बोई गई गेहूं की फसल को पलट दिया। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकियां दी गईं, शिवलाल का कहना है कि वह मजदूरी कर जीवन यापन करता है और जमीन ही उसकी आजीविका का मुख्य साधन है। घटना के बाद उसने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वंदेमातरम के 150 वर्ष पर हुआ सामूहिक गायन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत का गायन कराया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और आत्मगौरव की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक अभिषेक कुमार, सह नगर संचालक कौशल किशोर मिश्र, नगर कार्यवाह महेन्द्र नाथ पाठक, एबीवीपी के नगर मंत्री कृष्णा शुक्ल, नगर सह संयोजक हर्ष भारद्वाज, नगर सह मंत्री अक्षय यादव, शुभम वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक स्वर में वन्देमातरम का हुआ गान

लखीमपुर खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, लखीमपुर विभाग वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लखीमपुर विभाग द्वारा देशव्यापी स्तर पर संचालित परिसर-परिसर वन्देमातरम अभियान के अंतर्गत आज अभाविप, लखीमपुर जिले द्वारा जनपद के 70 इंटर कॉलेजों में एक साथ, एक स्वर में वन्देमातरम का गान कराया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं में राष्ट्रभक्ति, एकता और राष्ट्रीय चेतना का अद्भुत वातावरण निर्मित हुआ।



यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा, बल्कि युवा शक्ति के भीतर राष्ट्र के प्रति समर्पण, गर्व एवं जिम्मेदारी की भावना को सशक्त रूप से जागृत करने का माध्यम बना। वन्देमातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत की स्वतंत्रता, स्वाभिमान और राष्ट्र सर्वोपरि की भावना का प्रतीक है, जिसने गुलामी की बेड़ियों को तोड़ने का संकल्प दिया। विभाग संयोजक अजय पाण्डेय ने बताया कि वन्देमातरम भारत की आत्मा का स्वर है। 150 वर्ष पूर्ण होने पर यह अभियान युवाओं के भीतर राष्ट्र प्रथम की भावना को और अधिक दृढ़ करने का कार्य कर रहा है। अभाविप सदैव छात्रों को राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रान्त नेपाली कार्य सह संयोजक सौम्य शुक्ला ने कहा कि आज का यह सामूहिक गान युवा शक्ति की एकजुटता और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा का परिचायक है। परिसर-परिसर वन्देमातरम अभियान के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को निरंतर प्रज्वलित करते रहेंगे। प्रान्त कार्यसमिति सदस्य तनिष्का तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा कि वन्देमातरम हमारे स्वाभिमान और अस्मिता का प्रतीक है। आज के इस कार्यक्रम ने छात्र-छात्राओं के मन में राष्ट्र के प्रति गर्व और कर्तव्यबोध को और अधिक सुदृढ़ किया है, जो देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। अभाविप का यह अभियान निश्चित ही आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रप्रेम की ज्योति को प्रज्ज्वलित करता रहेगा और छात्रों को राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर प्रेरित करता रहेगा।

## सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं महात्मा ज्योतिबा फुले

जौनपुर। अपना दल (एस) पार्टी जिला कार्यालय वाजिदपुर में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 201वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके विचारों व योगदान पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि लगभग 200 वर्ष पूर्व जब देश में सामाजिक विषमताएं, छुआछूत और मायूसी का माहौल था, उस समय एक साधारण माली परिवार में जन्मे ज्योतिबा फुले ने समाज सुधार की ऐसी गाथा लिखी, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने शिक्षा के प्रसार, महिलाओं को अधिकार दिलाने, सती प्रथा व बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के विरोध तथा गरीबों को उच्च शिक्षा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके प्रयासों से समाज में समानता, जागरूकता और सामाजिक भागीदारी की नई दिशा मिली। कहा कि अपना दल (एस) पार्टी एवं माली-सैनी समाज, महात्मा ज्योतिबा राव फुले तथा सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने की मांग भारत सरकार से करता है। कार्यक्रम का संचालन संतोष माली ने किया। रामकुमार माली, अनिल जायसवाल, संजय श्रीमाली, रमेश श्रीमाली, मनोज श्रीमाली, विवेक श्रीमाली, रामचंद्र श्रीमाली, विनोद जायसवाल, राजेश प्रजापति, संतोष प्रजापति, सुनील कुमार गुप्ता, शशांक श्रीवास्तव, शिव सैनी, राज माली, शिव माली, वीरेंद्र जायसवाल, मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बड़ागांव बिजली उपकेंद्र की मांग को लेकर किसानों की बैठक संपन्न

## संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में डीएम को दिया जायेगा ज्ञापन



महोली/सीतापुर संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू के नेतृत्व में बड़ागांव में बैठक आयोजित की गई। बैठक बड़ागांव स्थित फलाहारी मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 56 गांवों से जुड़े किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।

किसानों ने विशेष रूप से बड़ागांव बिजली उपकेंद्र बनाए जाने की मांग को प्रमुख मुद्दा बताया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन समस्याओं को प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसी क्रम में किसानों ने तय किया कि आगामी सोमवार 13 अप्रैल को जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा, ताकि क्षेत्र की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान हो सके। बैठक में राकेश विशाल अवस्थी, मुकेश अवस्थी, प्रधान बगचन, कुनिंदर यादव (परसेहरा प्रधान), राकेश (निमचैना प्रधान), डब्लू सिंह, विनीत सिंह, शंकर सिंह, विक्रम गौतम, धर्मेंद्र सिंह, अनुज सिंह, अमित सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

किसानों ने बैठक में बताया कि क्षेत्र में कई गंभीर समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, घरों में पानी की भारी कमी है, सिंचाई की सुविधा न होने से खेती प्रभावित हो रही है और बढ़ती गर्मी के कारण आम जनजीवन भी काफी परेशान है। किसानों का कहना है कि इन 56 गांवों की समस्याएं दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। बैठक में यह भी कहा गया कि आने वाले समय में किसान एकजुट होकर एक बड़ी रणनीति तैयार करेंगे और अपनी मांगों को लेकर और अधिक मजबूत आंदोलन करेंगे।

## पेड़ी प्रबंधन मशीन वितरण कर किसानों को दी आधुनिक खेती अपनाने की सलाह



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्थानीय चीनी मिल द्वारा अपने मिल परिक्षेत्र के किसानों को पेड़ी प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि यंत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसमें किसानों को आधुनिक तकनीकों से खेती करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर आशुतोष मधुकर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कई किसान पेड़ी गन्ने के खेतों में समय पर सिंचाई, गुड़ाई व अन्य आवश्यक कार्य नहीं करते, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस आधुनिक कृषि यंत्र का उपयोग कर अपनी फसल की बेहतर देखभाल करें और पैदावार बढ़ाएं। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी.एस. चतुर्वेदी ने बताया कि आरएमडी कृषि यंत्र किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगा। उन्होंने कहा कि यह मशीन पेड़ी प्रबंधन से जुड़े सभी कार्य एक साथ करने में सक्षम है, जिसमें ठूंठों की जमीन की सतह से कटाई, पुरानी जड़ों को तोड़ना, लाइनों के बीच गुड़ाई के साथ उर्वरक डालना तथा ठूंठों पर स्प्रे करना शामिल है। उन्होंने कहा कि बढ़ती श्रमिक समस्या को देखते हुए यह बहुउपयोगी मशीन किसानों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होगी और खेती की लागत को भी कम करने में मदद करेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रगतिशील किसान ग्रंट नम्बर तीन के महेंद्र साहनी तथा हीरपुर फार्म के तनवीर सिंह को आरएमडी मशीन उपलब्ध कराई गई। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया। इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक गन्ना ओडी शर्मा, प्रबंधक गन्ना सत्येंद्र कुमार मिश्र, संजीव चैधरी, उप प्रबंधक गन्ना सुनील सिंह तथा सहायक प्रबंधक गन्ना अनूप मिश्र सहित अन्य अधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

कोन/सोनभद्र।, स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गैंगस्टर एक्ट में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) अनिल कुमार के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस टीम ने 9 अप्रैल को कस्बा रामगढ़ के पास से मु0अ0सं0 54/2026, धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट से संबंधित तीन वांछित अभियुक्तोंकृ अमृत लाल कोल (45 वर्ष), राममिलन (56 वर्ष) निवासी सिंगरौली (मध्य प्रदेश) तथा छोटेलाल उर्फ छद्दू (49 वर्ष) निवासी रामगढ़, को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व में भी बीएनएस, आयुध अधिनियम एवं गोवध निवारण अधिनियम समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 विरेन्द्र वर्मा, व0उ0नि0 राकेश राय, हे0का0 सुरेन्द्र चैहान, का0 अभय कुमार तथा हे0का0 अमित सिंह यादव की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# विंध्य वारियर्स की धमाकेदार जीत, बने चैंपियन

सोनभद्र। एनआर आई आर एस एम 2025-26 क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में विंध्य वारियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दादरी लीजेंड्स को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए विंध्याचल की टीम ने दादरी को 20 ओवर में 180द्5 के स्कोर तक सीमित रखा। जवाब में उतरी विंध्य वारियर्स की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी का परिचय देते हुए मात्र 17 ओवर में 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और एक यादगार जीत दर्ज की।




मैच के हीरो रहे इंजीनियर (ऑपरेशन) रेहान नवाज अहमद काइफी, जिन्होंने 28 गेंदों में 75 रन की तूफानी पारी खेलकर ह्यमैन ऑफ द मैचह्न का खिताब जीता। दादरी लीजेंड्स के प्रबंधक (प्रचालन) संजू ढाका को ह्यप्लेयर ऑफ द टूनामेंटह्न और ह्यबेस्ट बैट्समैनह्न घोषित किया गया। वहीं, विंध्याचल के जूनियर इंजीनियर (एडीएम) अंजनी कुमार को ह्यबेस्ट बॉलरह्न और वरिष्ठ प्रबंधक (आरएलआई) श्री रविकांत रामिन्नी को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में एनटीपीसी विंध्याचल के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जिनमें महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) श्री एम. सुरेश, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम) व स्पोर्ट्स काउंसिल अध्यक्षएस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (चिकित्सा) डॉ. बी.के. भराली तथा मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) प्रमुखरूमा दे शर्मा शामिल रहीं।

इस अवसर परए.जे. राजकुमार ने सभी टीमों को खेल भावना के लिए बधाई दी। परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने अपने संदेश में कहा कि खेल हमें एकजुट करता है और जीत-हार से बढ़कर आपसी सौहार्द महत्वपूर्ण है। खिलाड़ियों द्वारा विंध्याचल टीम के आतिथ्य के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए एक विशेष वीडियो भी प्रस्तुत किया गया। टीम विंध्याचल के कप्तान सुनील भीमावत ने दादरी टीम के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। अंत में उप प्रबंधक (प्रचालन) एवं स्पोर्ट्स काउंसिल महासचिव संतोष कुमार ने सभी विभागों जैसे-एचआर, टीएडी, आईटी, ऑटो बेस, आरएलआई एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

# संविदा के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला

जौनपुर। उमानाथ सिंह विधि महाविद्यालय में शनिवार को भारतीय संविदा अधिनियम पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संविदा के महत्व पर व्याख्यान दिया। अपने संबोधन में श्री मिश्र ने जीवन में संविदा के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने लॉर्ड स्टोयल के कथन संविदा फालतू समय की मजाक बाजी नहीं है को उद्धत



करते हुए इसकी व्याख्या प्रस्तुत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आशुतोष मिश्र ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सर्वेन्द्र कुमार ने किया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के व्याख्यान को और अधिक स्पष्ट किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्रबंधक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्राध्यापकगण देवेश पाठक, डॉ. अच्छेलाल पाल, रमेशचन्द्र पाण्डेय, डॉ. साधना मिश्रा, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. सुदक्षिणा यादव, नितेश कुमार सहित कई शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में सुबाष चन्द्र पाल, राघवेन्द्र शुक्ल, अनुपम तिवारी, नरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रतिमा सिंह और प्रमोद कुमार शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. आशुतोष मिश्र ने मुख्य अतिथि प्रशांत मिश्र को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# किन्नर गीता बनी राज्य महिला मण्डल अध्यक्ष पार्टी समर्थकों में हुआ खुशी का माहौल



जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। भारतीय जनता पार्टी समर्थक मंच के पदाधिकारियों द्वारा तराई क्षेत्र धौरहरा निवासी किन्नर गीता को राज्य महिला मण्डल अध्यक्ष पद पर मनोनयन किया गया जिसमें पार्टी पदाधिकारियों के साथ अन्य लोगों में खुशी का माहौल बना।

प्राप्त विवरण के अनुसार योगी अखाड़ा श्री सूर्य नारायण मंदिर मथुरा उत्तर प्रदेश के संस्थापक योगी महामण्डलेश्वर संतोष गिरी महराज योगवती बहन अध्यक्ष द्वारा गठित बी जे पी मंच समर्थक मंच प्रधान कार्यालय 1394/अ सतीश नगर सिविल लाइन झांसी उत्तर प्रदेश के पत्रांक संख्या 6848 मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर अनमोल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश उत्तराखंड की संस्तुति पर ठाकुर संग्राम सिंह सोलंकी प्रभारी उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव पर धौरहरा नगर पंचायत के मोहल्ला अटल नगर बारिन टोला निवासी किन्नर गीता को राज्य महिला मण्डल अध्यक्ष पद मनोनीत किया गया। इनके मनोनयन से पार्टी समर्थक भगवती प्रसाद शुक्ला, सीताराम मिश्रा, नीरज शुक्ला, उत्तम मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल दिखाई दिया।

संक्षेप

## सन्दिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र के दक्षिण पट्टी गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि महिला का शव सोमवार सुबह घर के अंदर मिला, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान 27 वर्षीय प्रिया गौतम, पत्नी अजीत कुमार गौतम के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सुबह करीब छह बजे जब घर के लोगों ने उन्हें अचेत अवस्था में देखा, तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की खबर मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। आशंका जताई जा रही है कि विवाहिता ने किसी विषैले पदार्थ का सेवन किया हो, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रिया गौतम का विवाह लगभग सात वर्ष पूर्व हुआ था और वह एक बच्चे की मां थीं। उनका मायका बदलापुर थाना क्षेत्र के सुगौली खुर्द गांव में बताया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग अलग-अलग कयास लगा रहे हैं।

## हर्ष बने असिस्टेंट सेक्शन अधिकारी

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के जमैथा गांव निवासी राजकुमार मौर्य के पुत्र हर्ष कुमार मौर्य ने देश की प्रतिष्ठित परीक्षा एसएससी कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में सफल होकर असिस्टेंट सेक्शन अधिकारी (एएसओ) बने। उनके सफलता से परिवार ही नही गांव में खुशी व्याप्त हो गई उनके घर बधाई देने वालो का तांता लग गया हर्ष मौर्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार तथा गुरुजनों को दिया है उन्होंने कहा कि उनकी तैयारी आईएएस के लिए चल रही है ज्ञात हो इसके अभी भी हर्ष मौर्य इनकम टैक्स विभाग में कार्यरत है।

## 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

बीजपुर (सोनभद्र) शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान उ.नि. सुरेन्द्र सिंह और हे.कां. भानुप्रताप सिंह यादव को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध शराब के साथ राजो मोड़ की तरफ मौजूद है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने राजो मोड़ से लगभग 150 मीटर दूर चेतवा के पास घेराबंदी कर भागीरथी 62 वर्ष पुत्र स्व. शिवसुन्दर, निवासी पिंडारी को हिरासत में लिया तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 10 लीटर अवैध देशी कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। मामला जमानतीय अपराध की श्रेणी में होने के कारण पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अभियुक्त को जमानत मुचलके पर रिहा कर दिया है।

# पापा-मम्मी हमें पढ़ाओ ,स्कूल में चलो नाम लिखाओ




जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। बेसिक शिक्षा अधिकारी सोनभद्र और खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर के मार्गदर्शन में शनिवार को कंपोजिट विद्यालय बीजपुर में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। बच्चों के गगनभेदी नारों के साथ रैली का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाध्यापक नेहा श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विश्राम सागर ने छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर व हरी झंडी दिखाकर किया गया। आधी रोटी खाएंगे फिर भी पढ़ने जाएंगे, एक भी बच्चा छूटा संकल्प हमारा टूटा, हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब मिलकर करें पढ़ाई।

पापा मम्मी हमें पढ़ाओ स्कूल में चलो नाम लिखाओ, हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा का जैसे नारों के साथ बच्चों की स्कूल चलो रैली बीजपुर पुनर्वास होते हुए बाजार तक पहुंची। बाजार के अभिभावकों द्वारा बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए रैली में प्रतिभाग किया गया। पूरा क्षेत्र स्कूल चलो के नारों से गूंज उठा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विश्राम सागर ने कहा की सभी अभिभावक अपने बच्चों का नाम लिखा कर विद्यालय भेजें। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुधा देवी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित परिषदीय एवं कंपोजिट विद्यालय सभी संसाधनों से परिपूर्ण हो चुके हैं।

विद्यालयों का इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य संसाधन सरकारी विद्यालयों को बेहतर बना रहे हैं अतः अभिभावक भी अपना दायित्व निभाते हुए बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिला कर समय पर विद्यालय भेजें। इस दौरान टोला में पढ़ने वाले घरों में बच्चों के अभिभावकों से भी शिक्षकों द्वारा बात कर बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल चलो रैली में शिक्षक संकुल देवनारायण गुप्ता, शीलम यादव, किरन, सरोज यादव, शालिनी जायसवाल, संध्या सिंह, विमिलेश यादव, रविन्द्र श्रीवास्तव समेत अभिभावक व ग्रामीण शामिल रहे।

## कंपोजिट विद्यालय महुली में मना वार्षिकोत्सव समारोह




बीजपुर/सोनभद्र। न्याय पंचायत जरहाँ अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय महुली में शनिवार को वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह से पूर्व पूरे ग्राम सभा में स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाध्यापक अखिलेश देव पांडेय ने विद्यालय में उपस्थित सभी अतिथियों को बैच अलंकृत कर स्वागत किया।

कार्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2025-26 में 100: उपस्थित वाले बच्चों तथा कक्षा आठवीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया प्रधानाध्यापक अखिलेश देव पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकारी विद्यालय की उपलब्धियां को बताते हुए कक्षा पहली और छठवीं में ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन कराने पर जोर दिया।

इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा सुमन देवी, अध्यापक रामलखन सिंह, सुनैना देवी सहित तमाम ग्राम वासी उपस्थित रहे। अंत में अखिलेश देव पांडेय ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक धनंजय शर्मा ने की।

# कार की टक्कर से मासूम की मौत, चालक फरार

मीरजापुर। जिले के मड़िहान थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 4 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना संतनगर थाना क्षेत्र के मलुआ गांव की बताई जा रही है, जहां एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बच्चे की जान चली गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार अंगद उर्फ ऋतिक (4 वर्ष) पुत्र प्रदीप कुमार सिंह अपने घर के पास सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान अचानक एक तेज रफ्तार इलेक्ट्रिक कार की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों के शोर मचाने पर परिजन तुरंत बच्चे को निजी साधन से मंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों और ग्रामीणों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली, लेकिन कार का नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं दिखाई दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने संतनगर पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि सूचना देने के करीब दो घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। खुशी गम में बदली इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतक अंगद उर्फ ऋतिक दो भाइयों में बड़ा था। पिता प्रदीप कुमार सिंह ने दुख जताते हुए कहा, हमारा बच्चा अभी-अभी जीवन की शुरूआत कर रहा था, यह दर्द शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने प्रशासन से फरार वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## कायस्थ चेतना संगोष्ठी के मुख्य वक्ता होंगे अजय शंकर श्रीवास्तव

जौनपुर। कायस्थ समाज के सामाजिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। स्थानीय मुक्तेश्वर प्रसाद महाविद्यालय में आगामी रविवार को अपरान्ह दो बजे विशाल कायस्थ चेतना संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। कायस्थ समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय शंकर श्रीवास्तव उपस्थित रहेंगे। वे कायस्थ समाज की राजनीतिक भागीदारी, वर्तमान सामाजिक स्थिति और भविष्य की दिशा पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। अजय शंकर श्रीवास्तव लंबे समय से कायस्थ समाज के अधिकारों और प्रतिनिधित्व के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं, जिससे समाज के बीच उनकी विशेष पहचान बनी हुई है। कार्यक्रम के संयोजक अंजनी श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य कायस्थ समाज को एकजुट कर उसकी राजनीतिक हिस्सेदारी को मजबूत बनाना है। उन्होंने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और अपने समाज की आवाज को मजबूत करें। संगोष्ठी के दौरान विभिन्न वक्ताओं द्वारा सामाजिक एकता, शिक्षा, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आगंतुकों के स्वागत के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। कायस्थ समाज के इस बड़े आयोजन को लेकर व्यापक चर्चा है और इसे समाज के जागरूकता अभियान के रूप में देखा जा रहा है।

## छुआछूत के खिलाफ संघर्ष करते रहे ज्योतिबा फुलेः सपा




जौनपुर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय सदर चुंगी अल्फस्टीनगंज जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य की अध्यक्षता में महान समाज सुधारक, एवं लेखक, सामाजिक न्याय की बुलंद आवाज महात्मा गोविंद राव ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह पूर्वक बनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित सपाजनों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात जिला महासचिव आरिफ हबीब ने विचार गोष्ठी आयोजित कर उनके जीवन दर्शन पर चर्चा कराते हुए पुनः संकल्प दिलाया गया।

जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि सामाजिक न्याय की आवाज को बुलंद कर महात्मा ज्योतिबा फुले जाति-आधारित भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आजीवन संघर्ष करते रहे। वह एक महान भारतीय विचारक, समाज सुधारक और लेखक थे। सत्यशोधक समाज की स्थापना और महिलाओं के शिक्षा के प्रणेता रहे। सामाजिक क्रांति के जनक को उनके असाधारण सामाजिक कार्यों के लिए महात्मा की उपाधि दी गई। पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, लालबहादुर यादव, श्यामबहादुर पाल, हीरालाल विश्वकर्मा, डॉ जितेंद्र यादव, प्रभानंद यादव, भूपेश पाण्डेय, मालती निषाद, सूर्यभान यादव, रामू मौर्य, नंदलाल यादव, पवन कुमार मंडल, श्यामनारायण बिंद, बरसातू राम सरोज, हरिश्चंद प्रभाकर आदि ने संबोधित करते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होने पर जिला अध्यक्ष राकेश मौर्य ने कहा कि मतदाता सूची की गहन समीक्षा बूथवार कराएंगे। आगामी 14 अप्रैल को संविधान निमार्ता भारत रत्न बोधिसत्व बाबासाहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती सेक्टर वार कार्यक्रम बनाकर सफल आयोजन करने के सभी विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्ष गण को निर्देश दिया। संचालन जिला महासचिव आरिफ हबीब ने किया।

# जफराबाद में हरे पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर



जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के सम्मोपुर खुर्द गांव में पंचायत भवन के बगल स्थित क्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है।

ग्रामीणों के अनुसार बिना वन विभाग को सूचित किए वन माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से पेड़ों को काटा जा रहा है। इस पूरे मामले में स्थानीय पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेड़ों की कटाई हो रही है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन बिगड़ सकता है। सूत्रों के अनुसार, कटाई में लगे लोग बिना किसी भय के लगातार पेड़ों को गिरा रहे हैं, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी और वन विभाग से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही इस पर रोक नहीं लगाई गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## शिव स्मरण से मिलता सुकून

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव में चल रही शिव शक्ति महायज्ञ एवं शिव पुराण कथा में शनिवार को अनंत श्री विभूषित काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि मनुष्य के जीवन में शांति और संतुलन तभी आता है जब वह अपने कर्मों को सही दिशा देता है और भगवान शिव का स्मरण करता है। उन्होंने शिव पुराण के अंतिम प्रसंगों के माध्यम से जीवन का सरल और स्पष्ट मार्ग बताया। उन्होंने कहा कि कथा केवल सुनने के लिए नहीं है बल्कि उसे आचरण में उतारना जरूरी है। मनुष्य जैसा कर्म करता है वैसा ही फल पाता है। अच्छे कर्म से सुख मिलता है और गलत कर्म से दुख मिलता है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव का स्मरण करने से मन स्थिर रहता है और कठिन समय में भी धैर्य बना रहता है। जीवन में सत्य, संयम और सेवा का भाव रखना चाहिए। इससे व्यक्ति का जीवन संतुलित रहता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को दूसरों के प्रति द्वेष नहीं रखना चाहिए। प्रेम और सहयोग से ही समाज में शांति बनी रहती है। जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुख नहीं बल्कि आत्मिक शांति प्राप्त करना है। शंकराचार्य ने कहा कि भक्ति और अच्छे आचरण से ही जीवन सफल होता है। कथा के दौरान स्वामीनारायणानंद तीर्थ जी ने समस्त क्षेत्रवासियों से कहा कि रविवार दोपहर बाद 2 बजे से कथा स्थल पर भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी गांव, बाजार निवासी भण्डारे में आकर प्रसाद ग्रहण करें। इस अवसर पर जगत नारायण दुबे, डॉ.गोविंद दुबे, बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक कृष्णकांत दूबे, चंद्रमणि दुबे, महेंद्र तिवारी, कृपाशंकर तिवारी, रामाचार्य शुक्ला, हूबलाल दूबे, सिद्धनाथ पांडे, सुरेंद्र गिरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और श्रद्धा के साथ कथा का श्रवण किया।

## पुलिस ने गांजा संग शातिर तस्कर को किया गिरफ्तार

मीरजापुर। जिले की पुलिस ने गांजा तस्करी कर ले जाए जा रहे ? 2 लाख 50 हजार के गांजा के साथ शातिर गांजा तस्कर को गिरफ्तार करते हुए 5.085 किलो ग्राम गांजा व चार पहिया वाहन बरामद किया है ? । पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना अदलहाट पुलिस टीम ने शनिवार को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर इको स्पोर्ट कार वाहन संख्या यूपी 63 एई 0884 में सवार मनीष सिंह उर्फ लल्ला पुत्र स्वर्गीय मनिराम निवासी ग्राम कोलना थाना अदलहाट को गिरफ्तार किया है।

# पुलिस मुठभेड़ में हत्या के आरोपी सहित दो बदमाशों को लगी गोली

आजमगढ़। जनपद के दो स्थानों पर हुई पुलिस मुठभेड़ में हत्या आरोपी सहित दो बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने घायल बदमाशों के पास से तमंचा, कारतूस, बाइक बररामद किया। घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कप्तानगंज और देवगांव कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की सुबह मुठभेड़ हुई। कप्तानगंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश शनिवार की सुबह क्षेत्र के देउरपुर बाजार के पास में चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली की। हत्या आरोपी राजू निषाद जफरामऊ गांव में बाग के पास एक खंडहर मकान में छिपा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेरा बंदी कर दी।

पुलिस से घिरने पर आरोपी ने पुलिस पर फायर शुरू कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई कार्रवाई में दाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश राजू निषाद निवासी पियरिया थाना कप्तानगंज को पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा-कारतूस बरामद हुआ। वहीं दूसरी मुठभेड़ देवगांव क्षेत्र में हुई। देवागांव कोतवाल विमल प्रकाश राय ने बताया कि देवगांव क्षेत्र के एक ढाबा के पास चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया। आरोपी पुलिस को देख कर भागने लगा। और पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दाएं पैर में गोली लगने से बदमाश राहुल यादव निवासी मौधा थाना खानपुर जनपद गाजीपुर घायल हो गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसे लालगंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## महात्मा फुले के विचार आज भी प्रेरणास्रोतः धर्मेंद्र यादव



आजमगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने उनके जीवन और विचारों को याद करते हुए सामाजिक न्याय और समानता के प्रति उनके योगदान को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक धर्मेंद्र यादव सांसद ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा राव फुले का जीवन अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने जाति और लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई तथा महिलाओं की शिक्षा और समान अधिकारों के लिए संघर्ष किया। ह्लसत्यशोधक समाजह्व की स्थापना कर उन्होंने सामाजिक परिवर्तन की मजबूत नींव रखी, जो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों के संघर्ष और विचारों से प्रेरणा लेकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने दलितों और पिछड़ों को संविधान में अधिकार दिलाने का कार्य किया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को कमजोर कर सामंतवादी व्यवस्था स्थापित करना चाहती है। वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) को संगठित करने का संकल्प लिया है और वर्ष 2027 में भाजपा की नीतियों को पराजित कर सामाजिक न्याय की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया जाएगा। समाजवादी विचारक जीएस प्रियदर्शी ने कहा कि फुले ने अपने समय में मनुवादी व्यवस्थाओं को चुनौती दी और अंधविश्वास के खिलाफ जनजागरण किया। महिलाओं की शिक्षा के लिए स्कूल खोलकर उन्होंने नई दिशा दी, जिसमें उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अस्त नहीं होगा डा. हैनीमन के यश और कीर्ति का सूर्यः डा. भक्तवत्सल

आजमगढ़। होमियोपैथी के जनक डा. किश्चयन फैड्रिक सैम्युल हैनिमन की 271वीं जयंती शुक्रवार की देर शाम शहर के बदरका स्थित प्रतिभा निकेतन इंटर कालेज में विश्व होमियोपैथी दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान डा. हैनिमन के कृतित्व व व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। महिला चिकित्सकों एवं बच्चों ने केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान होमियोपैथी को विश्व के लिए वरदान करार दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजकीय श्री दुर्गा जी होमियोपैथिक मेडिकल कालेज आजमगढ़ के प्राचार्य डा. एसके पांडेय, जिला होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी डा. योगेंद्र कुमार यादव, क्रेंद्रीय होमियोपैथी परिषद के पूर्व सदस्य एवं नेशनल इंस्टीट्यूट आफ होमियोपैथी कोलकाता के सदस्य डा. भक्तवत्सल, ईशान पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अशोक श्रीवास्तव, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, हमाई अध्यक्ष डा. राजकुमार राय, सचिव सीजी मौर्य ने डा. हैनिमन की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान होमियोपैथी चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले चिकित्सकों को अंगवस्त्रम व मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया।



राजकीय श्री दुर्गा जी होमियोपैथिक मेडिकल कालेज आजमगढ़ के प्राचार्य डा. एसके पांडेय ने कहा कि प्रेरणात्मक व्यक्तित्व की उपलब्धियों और राष्ट्रीय समस्याओं के समाधान, दर्शन तथा सिद्धातों के प्रति जन चेतना के लिए अनेक विश्वदिवसों का आयोजन किया जा रहा है। होमियोपैथी के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आवश्यक है कि वर्ष का एक दिन डा. हैनीमन के जन्मदिवस दस अप्रैल से अच्छा कोई दिवस नहीं हो सकता। अतः इस दिन को विश्व होमियोपैथी दिवस के रूप में मनाया जाना प्रासंगिक है। डा. भक्तवत्सल ने कहा कि डा. हैनीमन ने पीड़ित मानवता के लिए होमियोपैथी के रूप में एक अमोदघ अस्त्र प्रदान किया है जिससे असाध्य रोगों का उपचार कम खर्च में सभंव है। उन्होनें कहा कि पूरे देश में 300000 से ज्यादा होम्योपैथिक चिकित्सक, 85000 सरकारी डिस्पेंसरी और लगभग 200 से ज्यादा होम्योपैथिक मेडिकल कालेज चल रहे हैं। इस दौरान डा. देवेश दुबे, डा. रणधीर सिंह, डा. एके सिंह, डा. मनोज मिश्र, डा. राजकुमार राय, डा. अनुतोष वत्सल, डा. नेहा दुबे, डा. एससी सैनी, डा. नीरज सिंह, डा. धीरज श्रीवास्तव, डा. अनुराग, डा. जैश आदि ने डा. हैनीमन को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## जहरखुरानी गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

जौनपुर। जिले के थाना शाहगंज व थाना खेतासराय की संयुक्त पुलिस द्वारा जहरखुरानी करने वाले गिरोह के तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक कारतूस, नशीला पाउडर व दो चार पहिया वाहन बरामद करने का दावा किया गया है। पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि संयुक्त पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों को चेकिंग के दौरान चिरैया मोड़ बिलार मऊ रोड़ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त हनुमान निषाद पुत्र निहोर निषाद निवासी शम्भूपुर बलुअहवा थाना अहरौला जनपद आजमगढ़, अंकित निषाद पुत्र हनुमान निषाद निवासी शम्भूपुर बलुअहवा थाना अहरौला जनपद आजमगढ़। आकाश उर्फ गुलशन यादव पुत्र देवमन यादव निवासी मनोगा का पूरा( त्रिपुरारपुर अयमा ) थाना महराजगंज जनपद आजमगढ़ के खिलाफ दर्जनों मुकदमे है।

# अधिवक्ता के हत्यारे व हत्या का लाइव वीडियो आया सामने

## सुबह टहलने के दौरान विपक्षी ने देसी तमंचा से मारी गोली, हुआ फरार

जिला संवाददाता

मीरजापुर। मार्निंग वॉक के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने एक 45 वर्षीय अधिवक्ता एवं ग्राम प्रधान पति की गोली मारकर हत्या कर फरार हो गए। घटना का लाइव फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। वहीं मिजार्पुर में अपराधियों के हौसले बुलंद होने तथा कटरा कोतवाली क्षेत्र में बेकाबू अपराध को लेकर लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। मृतक की पहचान अधिवक्ता एवं ग्राम प्रधान पति राजीव सिंह उर्फ रिंटू रिंकू के रुप में हुई है। बताया जा रहा है कि कटरा कोतवाली थाना क्षेत्र के अनगढ़ रोड कतवारूपुर में रह रहे वरिष्ठ अधिवक्ता व देवरी विंध्याचल गांव के ग्राम प्रधान पति शनिवार को सुबह मार्निंग वॉक पर निकले थे, जहां पहले से घात लगाए घूम रहे बाइक सवार बदमाश ने उन्हें लक्ष्य साथ करीब से देशी तमंचा से गोली मार दी। गोली मारकर हत्या करने के बाद बाइक सवार बदमाशों ने नागरिकों को आता देख उन पर भी तमंचा तान दिया जिससे कोई उनके करीब जाने का साहस नहीं कर पाया। घटना के बाद क्षेत्र में जहां सनसनी फैल गई, वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना होने पर पहुंची कटरा कोतवाली पुलिस जहां बदमाशों की तलाश में जुट गई थी वहीं अधिवक्ता की मौत हो चुकी थी।

### पूर्व में ही हत्या की जतायी थी आशंका

बताया गया है कि मृतक अधिवक्ता द्वारा पूर्व में कटरा कोतवाली को एप्लीकेशन देकर हत्या की आशंका जताई थी। परिजनों का आरोप रहा है कि यदि पुलिस ने उनके प्रार्थना पत्र पर गंभीरता दिखाई होती तो शायद आज यह वारदात न होती। बाइक सवार बदमाशों द्वारा अधिवक्ता एवं ग्राम प्रधान की गोली मारकर हत्या किए जाने का सम्पूर्ण वारदात समीप के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है जिसका वीडियो वायरल होने के बाद हत्यारे की भी जहां पहचान हो रही है वहीं यह साफ हो चला है कि हत्यारा पहले से ही हत्या का पूरा प्लान तैयार करके आया हुआ था। बदमाश दो तमंचा लेकर आएं हुए थे एक से गोली मारने के बाद दूसरा तमंचा बाइक चला रहे युवक को थमाकर खुद बाइक चलाने लगता है जब कि बाइक चलाकर आया युवक तमंचा हाथ में लहराते हुए पीछे बैठ जाता है और अपनी ओर आते हुए कुछ लोगों पर तमंचा तान देता है।

नगर में प्रमुख एरिया में मार्निंग वॉक के दौरान दिन दहाड़े वकील की गोली मार कर हत्या का सीसीटीवी फुटेज वीडियो वायरल होने के बाद इसे लोग नगर की सुरक्षा व्यवस्था से जोड़कर देख रहे हैं। प्रथम द्दष्टया मामला गांव की चुनावी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। आस-पास के लोगों के मुताबिक हत्यारा काफी दिनों से अधिवक्ता की बराबर रेकी करता हुआ आया है। पूर्व में उनकी हत्या का प्रयास किया गया था लेकिन इसमें वह वह विफल रहा है। घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी थीं वहीं मौके वारदात स्थल का पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों ने मौका मुआयना कर हत्यारे को शीर्ष गिरफ्तार कर लिए जाने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि हत्यारों का पता लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस की पांच टीमें गठित की हैं। हत्यारा हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है कई थानों में हत्या सहित कई गंभीर मामले उस पर दर्ज हैं। कटरा कोतवाली पुलिस को लेकर लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। पुलिस ने यदि पहले ही मृतक के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई कर ली होती तो शायद आज यह वारदात न होती।

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने छोटे पुत्र रीपक राय उर्फ दिलीप राय को उसके गलत चाल चलन के कारण अपने सारे संबंध समाप्त कर दिये हैं। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन की जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की नहीं होगी।

**फौजदार राय पुत्र रामचन्द्र उर्फ चनरधर नि.- ग्राम भवरूपुर पो. शमशाबाद पर. माहुल तह. फूलपुर जिला आजमगढ़।**

# दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने जेवरात किए पार

लालगंज, मीरजापुर। थाना क्षेत्र के लहंगपुर में बीती रात को चोरों ने दुकान का शटर चाड़ कर लगभग तीन लाख से अधिक के आभूषण चोरी कर लिए। घटना का पूरा वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की बारीकी से जांच की और सीसीटीवी कैमरे में देखें जा रहे चोरों को शिनाख्त के लिए जांच में जुट गए हैं। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत वाराणसी रीवा हाईवे के लहंगपुर ओवरब्रिज के पास बामी रोड पर शिवजी ज्वेलर्स की दुकान में बीते आधी रात के बाद करीब 1.45 बजे शटर चाड़कर भीतर दाखिल हुए चोरों ने तीन ? लाख मूल्य के करीब सवा किलो चांदी के आभूषण उठा ले गए। इसकी जानकारी शनिवार को सुबह आभूषण की दुकान के बगल में दुकान खोलने पहुंचे अन्य दुकानदारों ने देखा शटर चाड़ा गया है, यह देख मीरजापुर के नकहरा नई बस्ती निवासी आभूषण व्यवसायी मोहन सेठ को सूचित किए। मोहन सेठ आनन फानन में मौके पर पहुंचे तो दुकान का शटर चाड़ा देख उनके होश उड़ गए। शटर उठाकर दुकान में देखा तो चांदी के आभूषण गायब था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की। आभूषण व्यवसायी मोहन सेठ ने सीसीटीवी कैमरे में देखा कि दो लोग मुंह बांधकर शटर चाड़कर अंदर घुसकर काउंटर में रखे करीब सवा किलो चांदी के आभूषण उठा ले गए। वहीं एक व्यक्ति बाहर खड़ा रहा। इतना ही नहीं चोरों ने दो बार दुकान के अंदर प्रवेश कर चांदी के आभूषण के साथ डिब्बा वगैरह उठा ले गए । घटना की जानकारी मिलते ही बाजार निवासी व्यापारी मौके पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन पर गश्त न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लहंगपुर में पीआरबी 112 की पुलिस हमेशा खड़ी रहती है फिर भी चोरी की घटना हो जा रही है। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे दुकान बंद कर अपने घर नई बस्ती नकहरा चले गए। सुबह अन्य दुकानदारों से जानकारी मिली । मौके पर पहुंचकर देखा कि काउंटर में रखें करीब सवा किलो चांदी जिसकी कीमत करीब 3:45 लाख रुपए है वह काउंटर से गायब थे।

संक्षेप

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार में जुटी भाजपा, 20 तक अभियान

अयोध्या। केंद्र सरकार द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को लागू करने की दिशा में तेजी लाते हुए 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने के निर्णय के बाद भारतीय जनता पार्टी ने जनजागरूकता अभियान तेज कर दिया है। पार्टी की ओर से 11 से 20 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं व आम जनमानस को अधिनियम की जानकारी देने और उनसे जुड़ाव बढ़ाने की तैयारी की गई है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य है कि हर वर्ग की महिलाओं तक इस अधिनियम की जानकारी पहुंचे और वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत टाउन हॉल मीटिंग, नारी शक्ति सम्मेलन, नारी शक्ति पदयात्रा होगा।

# समाधान दिवस में मिलीं 87 शिकायतें, 19 निपटीं

जिला संवाददाता

- कोतवाली में समाधान दिवस के दौरान लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली
- राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर जाकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए
- अलग-अलग डेस्क लगाकर शिकायतें सुनी गईं

**देवरिया**। जनपद के समस्त थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवसह्व का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण का प्रयास किया गया। खास तौर पर देवरिया सदर कोतवाली में समाधान दिवस के दौरान लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया।

गोरखपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक एस. चन्नप्पा ने थाना मदनपुर पहुंचकर जनसमस्याओं को सुना और राजस्व व पुलिस टीम को मौके पर जाकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर हरिराम यादव भी उपस्थित रहे।

वहीं देवरिया सदर कोतवाली में एडीएम सदर श्रुति शर्मा, प्रभारी निरीक्षक राकेश राय एवं राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जहां फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और कई मामलों का तत्काल निस्तारण कराया गया।पुलिस अधीक्षक देवरिया संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर डेस्क सिस्टम के तहत हल्का प्रभारी व बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा अलग-अलग डेस्क लगाकर शिकायतें सुनी गईं। इस व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ाने, जवाबदेही तय करने और जनसुनवाई को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

समाधान दिवस के दौरान पूरे जनपद में कुल 87 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 19 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के त्वरित समाधान के लिए राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं।

इस अवसर पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाई।

# एनसीईआरटी किताबों की मांग पर छात्रा को स्कूल आने से रोका

भटनी (देवरिया)।स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम धर्मखोर बाबू निवासी माहेश्वर तिवारी पुत्र हरिहर तिवारी ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर नगर के एक निजी विद्यालय पर गंभीर आरोप लगाते हुए लिखा है कि विद्यालय में एनसीईआरटी की किताबें लागू करवाने के लिए उन्होंने पूर्व में आवेदन दिया था, जिसे जिलाधिकारी द्वारा जांच हेतु बेसिक शिक्षा अधिकारी के पास भेजा गया था।अभिभावक का आरोप है कि मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।इसके बाद से विद्यालय प्रबंधन का रवैया प्रतिकूल हो गया। माहेश्वर तिवारी के अनुसार, स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा उनकी पुत्री को प्रतिदिन विद्यालय आने से मना किया जाने लगा।उन्होंने बताया कि शनिवार को स्थिति और गंभीर हो गई, जब स्कूल वैन के चालक को निर्देश देकर उनकी पुत्री को बीच रास्ते में ही वैन से उतरवा दिया गया और विद्यालय आने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया।अभिभावक ने इसे शिक्षा का अधिकार (फ्ळए) का उल्लंघन बताते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी छात्र के साथ इस प्रकार का व्यवहार न हो।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के निजी विद्यालयों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को प्राथमिकता दी जाए तथा किसी भी छात्र के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार न किया जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि शिक्षा का अधिकार कानून के तहत सभी बच्चों को समान रूप से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलना चाहिए और किसी भी प्रकार की मनमानी या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसके बावजूद यदि इस प्रकार की घटनाएं सामने आती हैं, तो यह शासन के निर्देशों की अवहेलना मानी जाएगी। ऐसे में अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़ित छात्रा को न्याय कब तक मिल पाता है।

## ग्राम प्रधान के घर से नगदी व जेवरात चोरी जांच में जुटी पुलिस



**कुबेरस्थान, कुशीनगर**। कुबेर स्थान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भटवलिया में ग्राम प्रधान रितेश कुमार गुप्ता के वहां बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का मामला सामने आया है।मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान रितेश कुमार गुप्ता के घर चोरों ने बीती रात करीब एक बजे दो मंजिली मकान पर चढ़ कर अज्ञात चोरों द्वारा घर में रखे कीमती आभूषण को चुरा ले गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कुबेर स्थान पुलिस व मोबाइल फोरेंसिक बैन ने चोरी की तहकीकात में जुट गई। पीड़ित ने बताया कि आभूषण में 16 अंगुठी सोने की, 2 सोने की, चैन, करीब 1.5 लाख रुपए नगद एवं कुछ सोने के आभूषण कान नाक में पहनने वाला चोरी हो गया। जिसकी कीमत पीड़ित द्वारा लगभग 12 लख रुपए के आसपास बताई जा रही है।

## कुरान ख्वानी और निशान के साथ उर्स का शुभारंभ

**भटनी,(देवरिया)**। दरबारे मौला अली भटनी में पांच दिवसीय हजरत अलाउद्दीन शाह के सालाना उर्स पहले दिन कुरान ख्वानी एवं निशान का झंडा लगाने के साथ ही उर्स का सद्भावना दिवस के रूप में शुभारंभ किया गया। इस दौरान दूर दराज से आये सूफी संत एवं जायरीनों ने मजार पर अपनी मन्नतें मांगी। देर शाम को कौववाली का प्रोग्राम भी शूरु किया। कार्यक्रम मे सज्जादानशीन अमजद अली उर्फ तमन्ना, अफरोज , पूर्व सभासद नुर आलम खान,नसीम अहमद, सत्य नारायण, शर्मा सलीम अंसारी, रामनाथ विद्रोही,अंश त्रिपाठी ,समीर खान, अफताब खान, विशाल विश्वकर्मा, आदि उपस्थित रहे।

## यूजीसी मुद्दे पर सवर्ण समाज की बैतालपुर में 12 अप्रैल को जन आक्रोश रैली

जिला संवाददाता

**बैतालपुर, देवरिया**। यूजीसी से जुड़े मुद्दों को लेकर सवर्ण समाज की ओर से आगामी 12 अप्रैल को प्रस्तावित जन आक्रोश रैली के संदर्भ में बैतालपुर के एक रेस्टोरेंट में संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।इस दौरान यूजीसी संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने मीडिया को संबोधित करते हुए रैली के उद्देश्य, स्वरूप और महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में राकेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि यूजीसी से संबंधित हालिया निर्णयों और नीतियों को लेकर समाज में व्यापक असंतोष व्याप्त है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इन निर्णयों से शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जिससे विद्यार्थियों और युवाओं के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है।

सुनील कुमार बरनवाल ने कहा कि यह रैली किसी एक वर्ग विशेष के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा और समान अवसर की रक्षा के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने सभी वर्गों के लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आवाज को मजबूत करें। जयलाल बरनवाल भी बताया गया कि 12 अप्रैल को होने वाली यह जन आक्रोश रैली शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से आयोजित की जाएगी।

उन्होंने प्रशासन से भी सहयोग की अपेक्षा जताई ताकि कार्यक्रम सुचारु रूप से संपन्न हो सके। ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि यह आंदोलन युवाओं के भविष्य और शिक्षा के अधिकार की लड़ाई है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार द्वारा उचित कदम नहीं उठाए गए तो आगे भी आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

अजय कुमार पांडेय ने क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, छात्रों और आम नागरिकों से अपील की कि वे 12 अप्रैल को आयोजित जन आक्रोश रैली में शामिल होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करें।

# चित्रगुप्त मंदिर में साजिश का खेल, असामाजिक तत्वों ने फाड़ा फ्लैश बोर्ड, भड़का जनाक्रोश

- चित्रगुप्त मंदिर, आस्था बनाम स्वार्थ



*कुशीनगर*। जनपद के पडरौना नगर के श्रीचित्रगुप्त मंदिर परिसर में चित्रगुप्त मंदिर समिति द्वारा 9 अप्रैल को लगाए गए प्रशासनिक /कैंप कार्यालय एवं भगवान श्री चित्रगुप्त के फ्लैश बोर्ड को असमाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए जाने मामला प्रकाश मे आया है। मंदिर समिति ने इसे महज मंदिर की संपत्ति का क्षतिग्रस्त नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश करार देते हुए सीधे तौर पर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने और समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश बताया है।चित्रगुप्त मंदिर समिति के अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि विधिवत रूप से स्थापित किए गए फ्लैश बोर्ड को कुछ असामाजिक एवं स्वार्थी तत्वों ने निशाना बनाते हुए फाड़ दिया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर समिति के संज्ञान में जो तथ्य आए हैं, उसमे एक एनजीओ से जुड़े संरक्षक प्रकाश श्रीवास्तव का नाम सामने आ रहा है, जिनके उकसावे/प्रेरणा पर गायत्री परिवार से जुड़े अतुल श्रीवास्तव द्वारा इस कृत्य को अंजाम दिया गया।

समिति का दावा है कि इस घटना से जुड़ा वीडियो भी सामने आया है, जो अतुल श्रीवास्तव के कुकृत्यो को उजागर कर रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने साफ कहा है कि जिस भूमि को लेकर यह विवाद खड़ा किया जा रहा है, वहां पहले ही शिवलिंग स्थापना के लिए विधिवत भूमि पूजन कराया जा चुका है।इसके बावजूद कुछ लोग मंदिर की पवित्र भूमि पर निजी लाभ के उद्देश्य से विधायक निधि से काम्प्लेक्स व अन्य निर्माण कराने की साजिश रच रहे हैं, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चित्रगुप्त मंदिर समिति ने इस घटना को धार्मिक आस्था पर सीधा हमला बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि मंदिर की गरिमा से खिलवाड़ करने वालों को समाज कभी माफ नहीं करेगा।समिति ने स्पष्ट किया कि उसका एकमात्र उद्देश्य कमंदिर का विकास, संरक्षण और सुचारु व्यवस्था है, लेकिन कुछ स्वार्थी तत्व इसे राजनीतिक और आर्थिक लाभका साधन बनाना चाहते हैं।चित्रगुप्त मंदिर समिति ने पडरौना नगर सहित जिले के सनातनी व सर्वसमाज से अपील करते हुए कहा कि स्वार्थी तत्वो को पहचानें जो निजी स्वार्थ के लिए मंदिर की पवित्र भूमि पर गिद्ध दृष्टि जमाये बैठे है इनके खिलाफ एकजुट हो। साथ ही चेतावनी दी गई है कि सर्व समाज मंदिर की भूमि और आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दास्त नही करेगा।जरुरत पडने पर लोकतांत्रिक तरीके से सड़क पर उतरकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगा।

## एसडीएम कसया डॉ संतराज सिंह बघेल के नेतृत्व में गेहूं की हुई क्रॉप कटिंग



**कुशीनगर**। शासन के निर्देश पर उपजिलाधिकारी कसया डॉ संतराज सिंह बघेल ने शनिवार को राजस्व ग्राम डिघवा खुर्द में जाकर क्रॉप कटिंग करवाया। गाटा 117 रकवा 3280 वर्ग मीटर में किसान नथुनी पुत्र विश्वनाथ के खेत में त्रिभुजाकार 40.46 वर्ग मीटर जमीन में लगे गेहूं को कटवा कर उपज का वजन करवाया। उप जिलाधिकारी कसया डॉ बघेल स्वयं खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को राजस्व निरीक्षक के साथ बैठकर काटवाया व 10 मीटर के समबाहु त्रिभुज में कुल 19 किलो गेहूं का अनाज पैदा हुआ। फसल पिछले साल की तुलना में कम अच्छी है। उप जिलाधिकारी कसया के साथ राजस्व निरीक्षक नगर बृजेश मणि त्रिपाठी, लेखपाल संदीप कुमार, लेखपाल विनोद कुमार, लेखपाल विनीत कुमार, राजस्व कर्मचारी शमशेर राणा, वीरेंद्र कुमार, ब्लॉक टेक्निकल मैनेजर राजकुमार, सभासद कमलावती आदि उपस्थित रहे। क्रॉप कटिंग फसल की पैदावार आंकने के उद्देश्य से की जाती है।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक आज

**देवरिया**।केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन, देवरिया द्वारा वार्षिक आम सभा की बैठक ---- केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दवा व्यापार मे विगत वर्षों से आ रही व्यवहारिक समस्या और निदान, आनलइन दवा का बढ़ता कारोबार दवा वितरण सम्बंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वागत एवं अभिनन्दन समारोह एवं वार्षिक आम सभा की एक बैठक का आयोजन 12 अप्रैल रविवार को स्थानीय कान्हा लॉन मे समय सायं 7 बजे से आयोजित किया जा रहा है ! मंत्री अनिल गुप्ता, सयुंक्त मंत्री हिमांशु कुमार सिंह, ने सयुंक्त रूप से जानकारी दी !

# उप्र किसान सभा का 90 वां स्थापना दिवस मनाया गया

जिला संवाददाता



**कुशीनगर**। उत्तर प्रदेश किसान सभा का 90 वाँ स्थापना दिवस माकपा के कसया नगर स्थित कैंप कार्यालय पर मनाया गया। वक्ताओं ने किसान समस्याओं की चर्चा करते हुए फसलों की एमएसपी गारंटी कानून लागू करने और किसानों के कर्ज माफी की मांग की।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष जवाहरलाल शर्मा द्वारा किसान सभा का ध्वजारोहण कर किया गया। मुख्य वक्ता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला सचिव कामरेड अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष 1936 में किसान सभा की स्थापना हुई और जिसका उद्घाटन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री रहे जवाहर लाल नेहरू ने किया था। प्रसिद्ध आर्य समाजी सहजानंद सरस्वती, राहुल सांकृत्यायन, फणीश्वर नाथ रेणु, देऊ पासी, कुमार नन्द ने किसानों के शोषण और आत्महत्या के खिलाफ सामंतवाद और जमींदारवाद के खिलाफ आंदोलोंन में बड़ी भूमिका निभाई। उसी दौर में तेभागा आंदोलन, तेलंगाना में निजाम हैदराबाद के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया गया। वक्ताओं ने फसलों की एमएसपी गारंटी कानून, किसानों के कर्ज माफी, सभी उपज पर सब्सिडी देने, बीज विधेयक वापस लेने और स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला वापस लेने की मांग की। इस अवसर पर इदरीश सिद्दकी, कैलाश गिरी, गेंदा सिंह, बीपी गुप्ता, अशोक जायसवाल, शंकर प्रसाद मौजूद थे।

## पूर्व प्रधान पर ग्रामीणों को भड़काने का आरोप, भूमि विवाद ने पकड़ा तूल

ललितपुर। तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम कड़ेसराखुर्द में भूमि विवाद ने तूल पकड़ लिया है। गांव निवासी एक व्यक्ति ने पूर्व प्रधान और उसके पुत्र (रोजगार सेवक) पर राजनीतिक लाभ के लिए ग्रामीणों को भड़काने तथा माहौल खराब करने का आरोप लगाया है।पीड़ित रामाधार सिंह पुत्र श्यामलाल ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कई लोगों पर उसकी भूमि पर अवैध कब्जा करने, विवाद खड़ा करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है।पीड़ित के अनुसार, उसकी भूमि संख्या 263 (रकवा 0.1050 हेक्टेयर) संक्रामणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है, जिस पर उसका मकान एवं पशुओं का बाड़ा बना हुआ है। इस संबंध में राजस्व अधिकारियों द्वारा पूर्व में जांच भी की जा चुकी है। इसके बावजूद विपक्षी लगातार उक्त भूमि पर अपना दावा करते हुए विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। आरोप लगाया कि विपक्षी यह कह रहे हैं कि उसका बाड़ा भूमि संख्या 359 (रकवा 1.1030 हेक्टेयर) में बना हुआ है, जबकि जांच में उनके दावे गलत और भ्रामक पाए गए हैं। साथ ही, 17 दिसंबर 2023 को जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश में भी भूमि पीड़ित के पक्ष में मानी गई है और वह लगातार उस पर काबिज है। रामाधार सिंह का यह भी आरोप है कि विपक्षी दबंग प्रवृत्ति के हैं और गांव में तनाव फैलाने के साथ-साथ उसे डराने-धमकाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व में भी ग्रामीणों को भड़काकर विवाद की स्थिति पैदा की है, जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि उसकी भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को तत्काल रोका जाए तथा संबंधित आरोपियों के खिलाफी कार्रवाई की जाए। साथ ही, पूर्व में पारित प्रशासनिक व न्यायालयीन आदेशों का पालन सुनिश्चित कराने की अपील भी की है।

## देवरिया के पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन का तबादला, अमितजीत आर. शंकर बने नये एसपी

**देवरिया**। जनपद के पुलिस प्रशासन में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। वर्तमान पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन का तबादला कर उन्हें पुलिस महानिदेशक कार्यालय, लखनऊ से संबद्ध किया गया है। उनके स्थानांतरण के बाद जनपद में नए पुलिस कप्तान की तैनाती की गई है। शासन ने अम्बेडकरनगर के पुलिस अधीक्षक अमितजीत आर. शंकर को देवरिया जनपद का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वे जल्द ही देवरिया पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

संजीव सुमन के कार्यकाल को कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं पुलिसिंग व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों के लिए जाना जाता रहा है। उनके स्थानांतरण को प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।वहीं, नए पुलिस अधीक्षक अमितजीत आर. शंकर के सामने जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण तथा जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। इस तबादले के बाद पुलिस महकमे में नई कार्यशैली और रणनीति को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। जल्द ही नए एसपी के औपचारिक कार्यभार ग्रहण करने की उम्मीद है।

## त्रिस्तरीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम हुआ संशोधित

बहराइच 11 अप्रैल। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि का कार्य 21 अप्रैल 2026 तक पूर्ण कर निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 22 अप्रैल 2026 को किया जायेगा।

# सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर व अधिकारी पद पर सिविल डिफेंस की तहत जिले में होगी भर्ती

जिला संवाददाता

- यह भर्ती भारत सरकार के सूक्ष्म लघु उद्योग मंत्रालय द्वारा पारित पसारा एक्ट 2005 के तहत किया जायेगा
- विभिन्न विकास खण्डों में तिथिवार लगेगा शिविर

**देवरिया**। उप जिलाधिकारी देवरिया व सलेमपुर ने बताया कि जनपद के समस्त विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 के तत्वाधान में देवरिया जिले में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु तिथिवार शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 15 अप्रैल को सलेमपुर ब्लॉक 2026, 16 अप्रैल को बरहज ब्लॉक, 17 अप्रैल को भटनी ब्लॉक, 18 अप्रैल को भलवनी ब्लॉक, 20 अप्रैल को भागलपुर ब्लॉक, 21 अप्रैल को लार ब्लॉक,22 अप्रैल को पत्थरदेवा ब्लॉक, 23 अप्रैल को रामपुर कारखाना 24 अप्रैल को तरकुलवा ब्लॉक, 25 अप्रैल को बैतालपुर ,27 अप्रैल को गौरीबाजार ब्लॉक में भर्ती शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## *कोई भी अभ्यर्थी किसी ब्लॉक में आ सकता है*

डिप्टी कमांडेंट रजनीश कुमार राय एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है, जो सिविल डिफेंस के तहत एनडीआरफ द्वारा ट्रेनिंग सभी प्रशिक्षु को भी दिया जाता है।और सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है।

इस शिविर में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाती है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि जौनपुर ट्रेनिंग सेंटर सुरक्षा सैनिक एवं सुपरवाइजर और ऑफिसर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 167.5 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम तथा योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। वही सुपरवाइजर के लिए इंटर पास होना चाहिए और लंबाई 170 सेमी उम्र 19 से 40 वर्ष जो देखने में होनहार हो। ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथियों में अपनी सुविधानुसार संबंधित विकास खण्डों में निर्धारित शिविर में साक्षात्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। पंजीकृत चयनित अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों का 350 का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा। तत्पश्चात तुरंत बाद नियुक्ति पत्र मिलेगा। जिसको लेकर ट्रेनिंग सेंटर में उपस्थित होना होगा। प्रशिक्षण के दौरान एक माह का ट्रेनिंग देकर तुरंत उन्हें सरकारी एवं गैर सरकारी जगहों के तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती की जाएगी। जैसे बनारस में , लखनऊ में प्रसिद्ध होटलों, मंदिरों, रेलवे मेट्रो, हॉस्पिटलों, विश्वनाथ मंदिर , अयोध्या मंदिर इत्यादि जगहों में तैनात किया जाएगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी की सुविधा मिलेगी।

# कृषि विज्ञान कांग्रेस में उत्कृष्ट शोध के लिए ऋषभ सिंह हुए सम्मानित

जिला संवाददाता




**कुशीनगर**। उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (यूपी सीएआर) द्वारा भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आयोजित 'छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस-2026' में

उत्कृष्ट शोध के लिए कुशीनगर के ऋषभ सिंह को सम्मानित किया गया।

नपाप कुशीनगर के सबया (निवासी और सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मेरठ से कृषि प्रसार विभाग के शोध छात्र ऋषभ सिंह पुत्र अरविंद सिंह हैं।

ट्रांसफॉर्मिंग एग्रीकल्चर ऑफ विकसित कृषि, विकसित भारत - 2026 अंतर्गत ₹पुनयोर्जी प्रथाएं मिट्टी के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, मिट्टी के कटाव को कम करने और पानी की गुणवत्ता में सुधार₹ विषय पर व्याख्यान दिया। शुक्रवार को ऋषभ को गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, उपकार के महानिदेशक संजय सिंह, बांदा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति एसवीएस राजू , उपकार के अध्यक्ष विकास गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर ऋषभ के शोध निदेशक डॉ. एल.बी. सिंह, कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त, डॉ. वी.के. सिंह, डॉ. डी.के. सिंह, डॉ. एस.के. सिंह, डॉ. आर.एन. यादव, डॉ. सत्यप्रकाश और डॉ. अभिषेक , प्रमोद , शिवेंद्र , अंजली , आर्यन, पंकज, रूपेश सहित गृह जनपद में विधायक श्री पी एन पाठक, भास्कर दुबे, डॉ. देवेंद्र सिंह, विजयबहादुर सिंह, सुरेश गुप्ता, अशोक सिंह, उज्ज्वल, धर्मेंद्र सिंह, रवि द्विवेदी ,हिमांशु दुबे, मनोज सिंह, हदयानंद शर्मा सहित क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है।

## ईको टूरिज्म के रूप में विकसित होगा वनस्पति उद्यान

अयोध्या। राम मंदिर की दिव्य आभा के साथ-साथ अब प्रकृति की हरियाली भी पर्यटकों को आकर्षित करने लगी है। शहर के कुमारगंज क्षेत्र में स्थित वनस्पति उद्यान को ईको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इस परियोजना पर ढाई करोड़ रुपये की लागत आएगी, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल की गई है। यह विकास कार्य पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत कराया गया है। इसकी कार्यदाई संस्था सीएनडीएस है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ ईको-टूरिज्म को भी विशेष बढ़ावा दे रही है। अयोध्या को केवल राम नगरी के रूप में नहीं, बल्कि प्रकृति प्रेमियों और पर्यावरण अनुरागियों के लिए भी आकर्षक बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। वनस्पति उद्यान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले पर्यटक प्रकृति का आनंद लेते हुए आरामदायक अनुभव प्राप्त कर सकें।

परियोजना के तहत उद्यान में मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा, जो आगंतुकों का स्वागत करेगा। हॉर्टिकल्चर क्षेत्र को विकसित कर विभिन्न प्रकार के फूलों, पौधों और सजावटी वनस्पतियों का संग्रह बढ़ाया जाएगा। यह परियोजना अयोध्या में पर्यटन को नई दिशा देने वाली साबित होगी। राम मंदिर, सरयू नदी और अन्य धार्मिक स्थलों के साथ अब प्रकृति का यह खूबसूरत उद्यान भी पर्यटकों को लुभाएगा।

संक्षेप

## कंबाइन पर हथियार लहराने वाले 2 गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस ने रील मामलों में कार्रवाई करते हुए कंबाइन मशीन पर हथियार लहराने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पुलिस जीप में रील बनाने और सड़क पर स्टंट करने के अन्य वीडियो पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।इटवा थाना क्षेत्र में वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने मनीष यादव (26) और मनोज त्रिपाठी (20) को 10 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। दोनों हसुड़ी औसानपुर गांव के निवासी हैं। वीडियो में चार-पांच युवक कंबाइन मशीन पर सवार थे, जिनमें से एक युवक धारदार हथियार लहराते हुए नजर आ रहा था। दूसरे वीडियो में दो युवक चलती पुलिस जीप में बैठकर इंस्टाग्राम रील बनाते दिखे। जीप सड़क पर दौड़ रही थी और युवक बेखौफ होकर वीडियो शूट कर रहे थे। इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। एक अन्य वीडियो डुमरियागंज थाना क्षेत्र का है। जिसमें तीन मोटरसाइकिलों पर सवार नौ युवक हाथों में डंडे लहराते हुए स्टंट करते दिख रहे हैं। यह यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन है और बड़े हादसे का कारण बन सकता था।

## आचार्य संतोष पांडेय को मिली विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि



**लखनऊ/सिद्धार्थनगर।** भागलपुर,बिहार की विक्रमशिला हिन्दी विद्यापीठ द्वारा आचार्य संतोष कुमार पांडेय को विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया है। श्री पांडेय उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के निवासी हैं। यह उपाधि उनकी सुदीर्घ हिन्दी सेवा, सारस्वत साधना , कला क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण उपलब्धियों ,शैक्षिक प्रदेयों, महनीय शोध कार्यों और राष्ट्रीय स्तर पर उनकी प्रतिष्ठा के आधार पर दी गई है। मानद उपाधि पत्र पर कुलाधिपति डॉ. रामजन्म मिश्र, कुलपति डॉ. दयानंद जायसवाल और कुलसचिव डॉ. देवेंद्र नाथ साह के हस्ताक्षर हैं। गौरतलब है कि गत 14 मार्च , 2026 को संतोषकुमार पांडेय को महाराष्ट्र में महाराष्ट्र रत्न 2026 के प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया था। आगामी 25 अप्रैल को उन्हें दिल्ली के भारत मंडपम में राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## पथरा क्षेत्र में बढ़ी सुरक्षा

**सिद्धार्थनगर।** जिले के पथरा थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। रात्रि गश्त को बढ़ाकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, जिससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनी हुई है। थानाध्यक्ष अमित कुमार अपराध पर अंकुश लगाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनकी कार्यशैली के चलते जहां असामाजिक तत्वों में पुलिस का खौफ देखने को मिल रहा है, वहीं आम जनता खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है। पुलिस की इस सक्रियता और प्रतिबद्धता ने क्षेत्र में विश्वास का माहौल पैदा किया है, जिससे लोग थानाध्यक्ष अमित कुमार की सराहना कर रहे ।

# भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा का नया ब्लूप्रिंट तैयार

● बढ़नी सेक्टर में परमानेंट चेक पोस्ट, स्मार्ट पेट्रोलिंग से निगरानी



**सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक नया ब्लूप्रिंट तैयार किया है। शनिवार को बढ़नी सेक्टर में आयोजित एक उच्च स्तरीय सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया। इस योजना में तकनीक आधारित निगरानी, स्थायी चेक पोस्ट और स्मार्ट पेट्रोलिंग को प्राथमिकता दी जाएगी। एसएसबी महानिदेशक संजय सिंघल की उपस्थिति में हुई इस बैठक में सीमा सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की गई। इसमें सीमा प्रबंधन को आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया। डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र मुन्ना सिंह ने बताया कि सीमा सुरक्षा के दूसरे चरण की शुरूआत की जा रही है। इस चरण में सीमाई रास्तों पर स्थायी चेक पोस्ट स्थापित किए जाएंगे। इसका उद्देश्य सीमा से आने-जाने वाले हर व्यक्ति और वाहन की सघन जांच सुनिश्चित करना है।उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल की खुली सीमा मादक पदार्थों की तस्करी, जाली नोटों के नेटवर्क और मानव तस्करी जैसी कई चुनौतियां पेश करती है। इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए डॉग स्क्वॉड को मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत दो अतिरिक्त प्रशिक्षित स्वानों की तैनाती की जाएगी, जिससे संदिग्ध गतिविधियों की पहचान और कार्रवाई की क्षमता बढ़ेगी। मुन्ना सिंह ने यह भी बताया कि वर्तमान में सीमा के कुछ हिस्से 'डाइल्यूटेड' स्थिति में हैं, जिससे निगरानी कमजोर पड़ जाती है। इस स्थिति को सुधारने के लिए बॉर्डर इंट्रैक्शन टीम (बीआईटी) को अधिक सक्रिय किया जाएगा। यह टीम स्थानीय स्तर पर सूचनाएं जुटाकर सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क करेगी। साथ ही, आधुनिक उपकरणों और डिजिटल मॉनिटरिंग के साथ तकनीक आधारित निगरानी प्रणाली को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में 'स्मार्ट पेट्रोलिंग' को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके तहत जवानों की गश्त को तकनीकी रूप से मॉनिटर किया जाएगा और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जाएगी। इससे सीमा के चप्पे-चप्पे पर निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। सम्मेलन में आईजी (एसएसबी) लखनऊ रतन संजय, कमांडेंट (50वीं वाहिनी) संजय कुमार, कमांडेंट (43वीं वाहिनी) उज्ज्वल दत्ता, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी तथा नेपाल पुलिस के डीएसपी मोहन केसी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय को और बेहतर बनाने पर भी विशेष चर्चा की गई।

बैठक के दौरान पूरे बढ़नी बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखने को मिले। एसएसबी और उत्तर प्रदेश पुलिस के जवान चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मानव तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों पर ह्यजीरो टॉलरेंसह्न नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाए।

डीआईजी मुन्ना सिंह ने कहा कि सुपरविजन, अपग्रेडेशन और जांच व्यवस्था को इस स्तर तक मजबूत किया जा रहा है कि सीमा से होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि को तुरंत रोका जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि नए सुरक्षा ब्लूप्रिंट के लागू होने के बाद सीमा क्षेत्र में अपराध और तस्करी की घटनाओं में प्रभावी कमी आएगी।

## दो युवकों ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग गांवों में दो युवकों द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने की घटनाओं से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने जांच पड़ताल कर दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटनाओं के कारण पता लगाने में जुट गई है। पहली घटना क्षेत्र के ग्राम बेर में घटित हुई, जहां बीते दिन शुक्रवार दोपहर 20 वर्षीय विक्रम सिंह पुत्र राजकुमार का शव खेतों में ट्यूबवेल पर फंदे से लटका मिला। बताया गया कि युवक का घर से 200 मीटर दूर ट्यूबवेल के बाहर दीवार पर लगे कुंदे में अंगोछे के सहारे शव लटका हुआ था। खेतों पर पहुंचे किसानों की नजर जब शव पर पड़ी, तो गांव में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और चीख-पुकार मच गई। मृतक कक्षा 11 का छात्र था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी घटना क्षेत्र के ग्राम मुड़ैना समसपुर में घटी, जहां रात्रि को 27 वर्षीय विमल कुमार पुत्र करन सिंह ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार विमल शराब पीने का आदी था और घटना की रात भी शराब पीकर घर आया था। देर तक कमरे से कोई आहट न होने पर जब परिजन अंदर पहुंचे, तो वह फंदे पर लटका मिला। यह देख परिवार में कोहराम मच गया।

## सुधीर के कार्यालय अधीक्षक व अमित के टैक्स असिस्टेंट की सफलता पर खुशी का माहौल





**प्रतापगढ़।** एसएससी-सीजेएल परिणाम के तहत क्षेत्र के दो मेधावियों के चयन पर शनिवार को यहां खुशी का माहौल दिखा। लालगंज तहसील क्षेत्र के रोहाड़ा निवासी सुधीर तिवारी का चयन आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर हुआ है। वहीं लालगंज नगर पंचायत के पूरे हरिकिशुन वार्ड तिकोनिया निवासी अमित यादव का चयन कर सहायक के पद पर हुआ है। मेधावियों की सफलता पर क्षेत्र के लोगों में प्रसन्नता देखी गयी। कार्यालय अधीक्षक के पद पर चयनित सुधीर तिवारी रोहाड़ा निवासी राम हृदय तिवारी के पुत्र हैं। परिजनों के साथ पूर्व प्रधान रामचंद्र तिवारी, रवीन्द्र तिवारी, छोटेलाल सिंह, अजय शुक्ल गुड्डू, सतीश सिंह, पुनीत सिंह, रोहित तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, सतीश पाठक, शीतला प्रसाद मिश्र, कल्लू सोनी, जयप्रकाश जायसवाल, शिवमूरत तिवारी, रामसुमेर सरोज आदि ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है। वहीं अमित यादव नगर के सरस्वती विद्या मंदिर के पुराछात्र होने के साथ विद्यालय के आचार्य लवकुश यादव के पुत्र हैं। अमित के चयन पर निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र, प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र, सीबीएसई के प्रधानाचार्य महेन्द्र तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी आदि ने अमित की सफलता को मेधा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि कहा है।

## मारपीट व धमकी की घटना में पुलिस की तहरीर पर दो दर्जन से अधिक आरोपियों पर केस

**प्रतापगढ़।** मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर पुलिस ने दोनों पक्षों से जुड़े दो दर्जन से अधिक आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के आरक्षी राहुल यादव व नीरज कुमार बीती दस अप्रैल को दिन में गश्त पर निकले थे। इस बीच जैनपुर में नई कालोनी के तहत भवन निर्माण को लेकर दो पक्षों में भिड़न्त की जानकारी पुलिस को मिली। मौके पर पहुंचे आरक्षियों ने आरोपियों को चिन्हित कर नामजद तथा अज्ञात तहरीर दी। तहरीर पर पुलिस ने एक पक्ष के उदल भारती पुत्र गजाधर, गगन भारती, रिजवान भारती, अरूण भारती पुत्रगण उदल, बिटटन भारती पत्नी उदल, दूजा भारती पत्नी अरूण भारती, पूनम भारती पत्नी गगन व चार से पांच अज्ञात तथा दूसरे पक्ष के अशोक भारती पुत्र गजाधर, पिटल्ली भारती पत्नी अशोक, सघन भारती पुत्र अशोक, अनीषा भारती पत्नी सघन, गोलू भारती पुत्र अशोक, मनोज भारती पुत्र अशोक व मोनू भारती पुत्र अशोक एवं चार-पांच अज्ञात के खिलाफ गालीगलौज व लाठी डंडे व लात घूंसे से मारपीट तथा जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

## गैरइरादतन हत्या के 3 आरोपी भेजे गये जेल

**प्रतापगढ़।** घर में घुसकर मारपीट की घटना में इलाज के दौरान चुटहिल की मौत को लेकर दर्ज गैरइरादतन हत्या को लेकर सांगीपुर पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के मुरैनी गांव में बीती तीन अप्रैल को आरोपियों ने लाठी डण्डे से पीडिता के घर जानलेवा हमला बोल दिया था। इस घटना में पीड़ित पक्ष के अर्जुन को गंभीर चोटें आ गयी। इलाज के दौरान अर्जुन की प्रयागराज मेडिकल कालेज में मौत हो गयी थी। पुलिस ने घटना को लेकर आरोपियो के खिलाफ दर्ज मुकदमे मे गैरइरादतन हत्या की धारा में बढोत्तरी की। थाने के दरोगा जानेन्द्र कुमार शनिवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। राजमतीपुर मटटन नाले के पास पुलिस ने घटना में शामिल आरोपी सूरज वर्मा पुत्र सोहनलाल वर्मा निवासी मुरैनी सांगीपुर व पडोसी जिले रायबरेली के डीह थानान्तर्गत किशुनपुर निवासी वीरेन्द्र वर्मा पुत्र श्यामलाल के साथ एक अभियुक्ता को हिरासत में ले लिया। पूछतांछ में आरोपियो के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी डण्डा बरामद किये जाने का भी दावा किया है। पुलिस ने आरोपियो को जेल भेज दिया है।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर संगोष्ठी

श्रावस्ती। शासन व उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति के पंचम चरण के द्वितीय भाग के अंतर्गत शनिवार को महामाया राजकीय महाविद्यालय, श्रावस्ती में महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक सारगर्भित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. धर्मेन्द्र गुप्त ने की। संगोष्ठी का मुख्य विषय ह्यनारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 का प्रचार-प्रसारह्न रहा। प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि संसद द्वारा पारित यह अधिनियम महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं देश और राज्यों की विधायिका में अधिक संख्या में निर्वाचित होकर पहुंचेंगी, तो लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़, सक्षम व प्रभावशाली बनेगा। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संयोजन डॉ. आशुतोष मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. उपेन्द्र कुमार सोनी एवं डॉ. सत्य प्रकाश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगोष्ठी में 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

# इंडो नेपाल सीमा सुइया क्षेत्र में डीएम व एसपी ने लिया जायजा



जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत सुइया बॉर्डर एवं अन्य सीमावर्ती ग्रामों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा सीमा स्तम्भों का स्थलीय सत्यापन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं सुरक्षा बलों को निर्देशित किया गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध तस्करी, आपराधिक गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए निरंतर सतर्क दृष्टि बनाए रखें। साथ ही ड्यूटी में तैनात समस्त सुरक्षा बलों को उच्च स्तर की सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक किया कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस एवं संबंधित एजेंसियों को दें। साथ ही आपसी सौहार्द, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई।

उक्त अवसर पर क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत कुमार पासवान, एसएसबी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण क्षेत्र की स्थिति सामान्य एवं शांतिपूर्ण पाई गई।

पुलिस प्रशासन ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## सेल्समैन के साथ अभद्रता और तोड़फोड़ को लेकर आरोपी के खिलाफ केस

**प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली स्थित एक पेट्रोल पम्प पर तेल उधार देने से मना करने पर सेल्समैन के साथ गालीगलौज व तोडफोड को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। रामपुर बावली में कालाकांकर आटो मोबाइल्स संचालित है। यहां संग्रामगढ़ थाना के प्रतापपुर चेयरगढ़ निवासी संतोष कुमार सिंह सेल्समैन के रूप में काम किया करता है। सेल्समैन की तहरीर मे कहा गया है कि बीती दस अप्रैल को दिन में डेढ बजे रामपुर बावली निवासी अंकित मौर्या पुत्र जगतपाल पेट्रोल पम्प पर आये। आरोपी द्वारा सेल्समैन से तेल उधार मांगा। मना करने पर आरोपी ने पेट्रोल पम्प की मशीन को तोड़ने लगा और काफी मात्रा में तेल बहा दिया। पीड़ित के शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चला गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंकित के खिलाफ तोडफोड व नुकसान का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशिक्षण महाअभियान में संगठन के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल



जिला संवाददाता (vol)

**श्रावस्ती।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जनपद मुख्यालय भिनगा में त्रि-मंडलीय (हरिहरपुररानी, सिरसिया एवं लक्ष्मनपुर) कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने विभिन्न मंडलों से पधारे देवतुल्य कार्यकताओं का अंगवस्त्र प्रदान कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र मनिंदर पाण्डेय, जिलाध्यक्ष मिश्रिलाल वर्मा पूजा पाण्डेय सहित जनपद के समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कार्यकताओं को संगठनात्मक सुदृढ़ता, सेवा-संकल्प, अनुशासन एवं समर्पण भाव के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं लोकहितकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर कार्यकताओं के ज्ञानार्जन, वैचारिक परिष्कार एवं संगठनात्मक दक्षता में अभिवृद्धि करते हैं, जिससे राष्ट्र सेवा के प्रति उनका संकल्प और अधिक दृढ़ एवं प्रखर होता है।

# समर्पण व सेवा का प्रतीक बने डॉ. अश्विनी चौधरी

● मरीजों के लिए साबित हो रहे हैं वरदान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के बांसी तहसील स्थित 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय में तैनात वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. अश्विनी चौधरी अपनी उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्यनिष्ठा के लिए क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए वे लगातार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को काफी राहत मिल रही है।

डॉ. अश्विनी चौधरी ने अब तक दर्जनों मरीजों का सफल उपचार कर उन्हें पूर्णतः स्वस्थ किया है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे कई मरीजों को उन्होंने नई जिंदगी देने का काम किया है। उनकी मेहनत, अनुभव और संवेदनशीलता के कारण मरीजों में भरोसा बढ़ा है और अस्पताल की छवि भी सुदृढ़ हुई है। मरीजों और उनके परिजनों का कहना है कि डॉ. अश्विनी न केवल एक कुशल चिकित्सक हैं, बल्कि एक दयालु इंसान भी हैं, जो हर मरीज की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हैं और उचित इलाज प्रदान करते हैं। उनकी इसी सेवा भावना के चलते लोग उन्हें किसी वरदान से कम नहीं मानते। स्थानीय लोगों का मानना है कि ऐसे समर्पित और ईमानदार चिकित्सक सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की असली पहचान हैं। डॉ. अश्विनी चौधरी की कार्यशैली अन्य चिकित्सकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही है।निस्संदेह, डॉ. अश्विनी चौधरी का यह योगदान न केवल अस्पताल बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## मिशन शक्ति अभियान से सशक्त हो रहीं महिलाएं



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जिले में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान भिनगा, सिरसिया, मल्हीपुर, हरदत्तनगर गिरंट, सोनवा, गिलौला और इकौना सहित कई थानों की पुलिस टीमों ने गांवों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम किए। पुलिस ने महिलाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा के तरीके और मदद लेने के उपायों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को बताया गया कि किसी को भी ओटीपी न दें, फर्जी कॉल और संदिग्ध लिंक से सावधान रहें। किसी समस्या पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देने की सलाह दी गई।इसके साथ ही यूपीसीओपी ऐप और अन्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। सभी थानों पर बने मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क के बारे में भी बताया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाओं को तुरंत मदद मिल सके। पुलिस का कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जयमाल मंच पर युवक ने लहरायी पिस्टल, लोड करते हुए बनायी रील; वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के झंडेनगर क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान जयमाल मंच पर युवक द्वारा खुलेआम पिस्टल लहराने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि जयमाल मंच पर एक युवक हाथ में पिस्टल लेकर फिल्मी अंदाज में डांस करता नजर आ रहा है। वह पिस्टल को हवा में लहराते हुए आसपास मौजूद लोगों को दिखा रहा है। इतना ही नहीं, वीडियो में युवक पिस्टल को लोड करते हुए भी दिखाई दे रहा है। इस दौरान मंच पर कई अन्य लोग भी मौजूद थे, लेकिन किसी ने उसे रोकने का प्रयास नहीं किया। शादी समारोह में बड़ी संख्या में मेहमान मौजूद थे। ऐसे में युवक की इस हरकत से वहां मौजूद लोगों की सुरक्षा को लेकर खतरा पैदा हो सकता था। हालांकि इस दौरान कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। लोगों ने भीड़भाड़ वाले कार्यक्रम में हथियार के खुलेआम प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में कोतवाली सिद्धार्थनगर के प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया गया है। वीडियो की गहनता से जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर युवक की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा युवक अभिषेक राव झंडेनगर का रहने वाला है। उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर भीम आर्मी से संबंधित पोस्ट भी साझा किए गए हैं। पुलिस टीम वीडियो की जांच के साथ-साथ आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कम्पोजिट विद्यालय शिवपुर में मना वार्षिकोत्सव



**चौरीचौरा, गोरखपुर।** चौरीचौरा तहसील क्षेत्र ग्राम सभा शिवपुर स्थित कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को अंक पत्र तथा प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को मेडल , प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानपति विनोद पासवान ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षक के साथ-साथ अभिभावक को भी अपने बच्चों के प्रति जागरूक होना चाहिए। तभी बच्चों का भविष्य संवारा जा सकता है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक मेवा लाल शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा के प्रति सरकार जागरूक है।अभिभावक सरकारी स्कूलों के प्रति हीनभावना कों छोड़ दें।और अपने बच्चों का नामांकन करायें। जहां हिंदी के साथ साथ अंग्रेजी की भी अच्छी शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र सरस्वती वंदना से किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़ा ही मनोहर रहा।उक्त अवसर पर कुमकुम गौड़, सुमन राय ,नीतू सिंह, मनीष गुप्ता, तेज बहादुर, विनिता ओझा, निशा राय, मिनाक्षी, पूजा सिंह, गरिमा सिंह, पुष्पा यादव, सुचिता सिंह, सिंतारा, सीमा देवी, सीमा सिंह, शशिप्रभा,नेहा सिंह, विनोद गौड़, धनुष धारी,तारा देवी, लालमती,रीता देवी ,रीमा देवी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## जिला जेल में विचाराधीन कैदी की मौत डिप्टी जेलर समेत तीन निलंबित

**प्रतापगढ़।** जिला जेल में एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थिति में जलकर मौत हो जाने के मामले में जेल प्रशासन ने एक डिप्टी जेलर सहित तीन कर्मियों को निलंबित कर दिया है। जिला जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि मृतक कैदी दीपक उर्फ राहुल, उन्नाव जिले के रसूलाबाद क्षेत्र के पुरवा मिर्जापुर का निवासी था। राहुल बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोपों का सामना कर रहा था। वह प्रतापगढ़ के कंधई थाने में दर्ज मामले में एक नवंबर 2025 से जेल में बंद था। अधीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। कैदी शुक्रवार को जेल परिसर में संदिग्ध परिस्थिति में गंभीर रूप से झुलस गया, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद जेल महानिदेशक ने डिप्टी जेलर ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, मुख्य वार्डर (बंदी रक्षक) अखिलेश सिंह और एक अन्य कर्मचारी प्रसाद को निलंबित कर दिया है। साथ ही, डीआईजी (जेल) को मामले की विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, कैदी की मौत कथित रूप से आत्महत्या के कारण हुई है।

## जस्टिस यशवंत का इस्तीफा संतोषजनक पर शुरू हो नये सिरे से जांच

**प्रतापगढ़।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कार्यरत जस्टिस यशवंत वर्मा के त्याग पत्र को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने न्यायपालिका की सुचिता के लिए संतोषजनक कहा है। शनिवार को जारी बयान में उन्होने कहा कि संसद में महाभियोग की कार्रवाई से भले ही त्याग पत्र का उठाया गया यह कदम आरोपों से बचने का विकल्प हो। उन्होने कहा कि संसद के महाभियोग प्रक्रिया के प्रभावहीन होने पर अब भारतीय न्यायपालिका की गरिमा के लिए जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ सरकार को आपराधिक मामला दर्ज कर जांच प्रक्रिया शुरू करानी चाहिए। इस मामले में उन्होने आल इण्डिया बार एसोसिएसन को एसोसिएसन की ओर से लिखे पत्र में कहा है कि संवैधानिक ढांचे के माध्यम से इस गंभीर मामले मे जारी जांच के निष्कर्ष को देश के सामने रखे जाने में वह अपनी निर्णायक भूमिका प्रदान करे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा है कि देश के जनमानस में जस्टिस यशवंत वर्मा पर कैश के ढेर जमा करने के आरोप से तमाम तरह के सवाल उत्पन्न हुए हैं। ऐसे में सरकार एवं न्यायिक तंत्र को संयुक्त रूप से इस गंभीर मामले के पटाक्षेप की कार्रवाई से बचाव के विकल्प को समाप्त करने का भी नैतिक समाधान खोजना चाहिए।

# संघर्ष के बीच एक और जहाज आया भारत

एजेंसी



नयी दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी संघर्ष विराम के बाद जग विक्रम नामक भारतीय ध्वज वाले तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के जहाज ने होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर लिया है। अस्थायी संघर्ष विराम की घोषणा के बाद इस मार्ग से गुजरने वाला यह पहला भारतीय जहाज है। जहाज शुक्रवार रात से शनिवार सुबह के बीच इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरा और शनिवार दोपहर को पूर्व की ओर बढ़ते हुए, जलडमरूमध्य के पूर्व में ओमान की खाड़ी में स्थित था।

मार्च की शुरुआत से अब तक यह फारस की खाड़ी से बाहर निकलने वाला नौवां भारतीय जहाज है, जबकि लगभग 15 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी क्षेत्र में रुके हुए हैं और आगे बढ़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह मध्यम आकार का गैस वाहक जहाज 26,000 टन से अधिक वहन क्षमता रखता है और इसमें करीब 20,000 टन एलपीजी होने का अनुमान है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के समय होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में कम से कम 28 भारतीय जहाज मौजूद थे, जिनमें 24 पश्चिमी हिस्से में और चार पूर्वी हिस्से में थे। जग विक्रम से पहले पश्चिमी हिस्से से आठ और पूर्वी हिस्से से दो जहाज सुरक्षित निकल चुके थे, जबकि कई विदेशी जहाज अब भी फारस की खाड़ी में रुके हुए हैं। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है। देश लगभग 88 प्रतिशत कच्चा तेल, करीब आधी प्राकृतिक गैस और लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात करता है। इनमें से अधिकांश आपूर्ति खाड़ी देशों से आती है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। संघर्ष के दौरान इस मार्ग के बाधित होने से भारत में एलपीजी और गैस आपूर्ति प्रभावित हुई थी। इसके कारण वाणिज्यिक उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति घटाई गई थी, जिसे अब आंशिक रूप से बहाल कर दिया गया है।

## हिजबुल्ला के 200 से अधिक ठिकानों पर इजरायली हमला

यरूशलम। इजराइली सेना ने कहा कि उसकी वायुसेना ने लेबनान में ईरान समर्थित उग्रवादी समूह के बुनियादी ढांचे पर हमला किया और वह दक्षिणी लेबनान में सक्रिय अपने जमीनी बलों को समर्थन देना जारी रखे हुए है। यह बयान ऐसे समय आया है जब तेहरान पाकिस्तान में शनिवार दोपहर ईरान और अमेरिका के बीच शुरू हुई त्रिपक्षीय वार्ता में हिजबुल्ला पर इजराइली हमलों को रोकने के लिए दबाव बना रहा था।

शनिवार को लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमलों में कम से कम तीन लोगों के मारे जाने की खबर दी। दोपहर के समय किसी भी हमले की कोई सूचना नहीं है। लेबनान की सीमा से लगे इजराइली समुदायों में शनिवार को दिनभर लेबनान से ड्रोन और रॉकेट हमलों की चेतावनी देने वाले सायरन बजते रहे।

# जब्त होगी मादक पदार्थ तस्करों की सम्पत्ति

एजेंसी



जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल गिरोह को ध्वस्त करने के लिए कानून की पूरी ताकत का इस्तेमाल करने की बात कही।

सिन्हा ने आरोपियों की संपत्ति जब्त करने, उनके आधार कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों को रद्द करने सहित अन्य व्यापक दंडात्मक उपायों की घोषणा की। जम्मू-कश्मीर को नशामुक्त बनाने के लिए 100 दिनों के गहन अभियान की शुरुआत करते हुए उपराज्यपाल ने एमए स्टेडियम से परेड ग्राउंड तक पदयात्रा का नेतृत्व किया। इस दौरान सिन्हा ने कहा, हमारा पड़ोसी सीमा पार तस्करी का इस्तेमाल हमारे समुदायों को जहर देने और हमारे राष्ट्र के भविष्य को कमजोर करने के लिए कर रहा है। उन्होंने कहा, हर अधिकारी का एक ही दायित्व है- यह अब रुकना ही चाहिए। अब कानून की पूरी ताकत का इस्तेमाल तस्करों के खिलाफ किया जाएगा। उनके गिरोह को बिना किसी देरी के ध्वस्त कर दिया जाएगा। उपराज्यपाल ने मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ निर्णायक और सख्त कार्वाई का वादा किया। सिन्हा ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की संपत्ति जब्त की जाएगी, सरगनाओं पर मुकदमा चलाया जाएगा और उन्हें तुरंत सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ नई मानक संचालन प्रक्रिया लागू की गई है। उन्होंने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया के तहत मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल तस्करों के पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार नंबर और हथियार लाइसेंस रद्द करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सिन्हा ने कहा कि आरोपियों के फरार होने पर उनके खिलाफ तुरंत लुकआउट सर्कुलर जारी किया जाएगा।

## संक्षेप

### बिहार में एक्सीडेंट 10 लोगों की मौत

कटिहार (बिहार)। बिहार के कटिहार जिले में शनिवार शाम बस, ट्रक और पिकअप वैन की आपस में हुई टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) शिखर चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि कटिहार के कोढ़ा प्रखंड में राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) 31 पर शाम साढ़े छह बजे यह दुर्घटना हुई। स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि पिकअप वैन में यात्रा कर रहे लोग पड़ोसी पूर्णिया जिले से आ रहे थे और इस हादसे में बस चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आशंका है कि बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण दुर्घटना हुई। जिला पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। शुरुआती जानकारी में दुर्घटना में सात लोगों की मौत बताई गई थी, लेकिन घायल हुए तीन लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### भूटान की परियोजना पर फिर काम शुरू

नयी दिल्ली। भूटान की 1,200 मेगावाट की पुनात्सांगछू-1 जलविद्युत परियोजना पर सात साल के निलंबन के बाद काम फिर से शुरू हो गया है। भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने बांध निर्माण की शुरुआत के प्रतीक के रूप में आयोजित एक महत्वपूर्ण समारोह में शिरकत की। भूगर्भीय चुनौतियों के कारण 2019 से रुकी हुई इस परियोजना का पुनरुद्धार द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग में एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है। इसके अगले पांच वर्षों के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। इसका वित्तपोषित भारत ने किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार मनोहर लाल ने अपनी भूटान यात्रा के दौरान परियोजना स्थल का दौरा किया। यह दोनों देशों के बीच सबसे बड़ा संयुक्त जलविद्युत उपक्रम है और इसके पूरा होने पर भूटान की जलविद्युत क्षमता में काफी वृद्धि होगी। मंत्री ने 10 अप्रैल को पुनात्सांगछू-1 में कंक्रीट डालने के समारोह में भाग लेकर बांध निर्माण फिर से शुरू होने का संकेत दिया। मंत्री ने कहा कि यह परियोजना भारत-भूटान के मजबूत ऊर्जा संबंधों को दर्शाती है। उन्होंने भारत के वित्तीय और तकनीकी सहयोग तथा निर्माण कार्य को सुरक्षित रूप से आगे बढ़ाने के संयुक्त प्रयासों पर जोर दिया।

### बिजली कंपनियों ने किया एचईआरसी का रुख

चंडीगढ़। हरियाणा की बिजली वितरण कंपनियों ने ईंधन अधिभार की वसूली से जुड़े नियमों में राहत देने की मांग करते हुए हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) का रुख किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बहु-वर्ष शुल्क (एमवाईटी) विनियम, 2024 के विनियमन 68 में संशोधन की मांग करते हुए याचिकाएं दायर की हैं।

# साइबर धोखाधड़ी से जुड़े गिरोह का भंडाफोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर म्यूल बैंक खातों की सुविधा प्रदान करने वाले एक साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया और कई स्थानों से 14 लोगों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। म्यूल बैंक खाते ऐसे खाते होते हैं, जिनका इस्तेमाल अपराधी खाताधारकों की जानकारी के बिना या कभी-कभी उसकी मिलीभगत से अवैध धन के लेन-देन या धनशोधन के लिए करते हैं। अधिकारी ने बताया कि धोखाधड़ी के मामलों से जुड़े संदिग्ध बैंक खातों के विश्लेषण के बाद यह कार्वाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी निवेश योजनाओं और ऑनलाइन नौकरी के घोटालों में शामिल जालसाजों को बैंक खाते, सिम कार्ड और एटीएम कार्ड मुहैया कराने में कथित तौर पर शामिल थे। पुलिस ने बताया कि धोखाधड़ी से कमाए गए पैसे को इन खातों के माध्यम से भेजा जाता था और एक गेमिंग ऐप्लिकेशन का उपयोग करके इसे छिपाया जाता था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, दिल्ली-एनसीआर में तकनीकी निगरानी और छापेमारी के दौरान, गिरोह के सदस्यों की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया।

# आपूर्ति शृंखलाओं को बनायेंगे मजबूत

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को सऊदी अरब के व्यापार मंत्री माजिद बिन अब्दुल्ला अल कासबी के साथ बातचीत कर पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

इससे पहले गोयल ने संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कुवैत के अपने समकक्ष मंत्रियों के साथ भी इसी विषय पर विचार-विमर्श किया था। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, गोयल और कासबी के बीच यह बातचीत वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हुई। दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई और भारत-खाड़ी सहयोग परिषद मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता में जल्द प्रगति को लेकर आशा जताई। दोनों पक्षों ने माना कि क्षेत्रीय संघर्ष के कारण आपूर्ति शृंखलाओं पर दबाव पड़ा है और समन्वित प्रयासों के जरिए व्यापार को सुचारु बनाने तथा स्थिति को जल्द सामान्य करने की आवश्यकता है। गोयल ने सऊदी अरब और खाड़ी क्षेत्र को निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदमों की भी जानकारी दी। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए संयुक्त हमले के कारण अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जहाजों की आवाजाही गंभीर रूप से प्रभावित हुई। इस संघर्ष के कारण खाड़ी क्षेत्र में वस्तुओं की आपूर्ति करना निर्यातकों के लिए चुनौतीपूर्ण हो गया है। भारत और इस क्षेत्र के बीच 2024-25 में कुल 178 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ, जिसमें 56.87 अरब डॉलर का निर्यात और 121.67 अरब डॉलर का आयात शामिल है।

# एक साल में वंदे भारत स्लीपर परीक्षण के लिए होगा तैयार

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेलवे बोर्ड के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के नेतृत्व वाले संयुक्त उपक्रम द्वारा बनाई जा रही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए तैयार हो जाएगा।

आरवीएनएल के 21वें स्थापना दिवस समारोह में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वंदे भारत स्लीपर कंपनी की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इसका प्रारूप एक वर्ष के भीतर परीक्षण के लिए पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद कंपनी को 120 ट्रेन की आपूर्ति करनी होगी। हालांकि सतीश कुमार ने कोई निश्चित समय नहीं बताया, लेकिन आरवीएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सलीम अहमद ने हाल ही में कहा था कि यह प्रारूप जून 2026 में पेश किया जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार, काम तेज गति से जारी है, लेकिन जून 2026 तक परीक्षण संभव नहीं लग रहा है और इसमें अगले वर्ष तक देरी हो सकती है।

# तेलंगाना में 42 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी



हैदराबाद। तेलंगाना में 42 माओवादियों के आत्मसमर्पण के साथ राज्य भाकपा (माओवादी) की सशस्त्र इकाइयों से पूरी तरह से मुक्त हो गया है। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में से 11 तेलंगाना राज्य समिति (टीएससी) से जुड़े हुए थे। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बी शिवधर रेड्डी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) बटालियन का कमांडर सोडी मल्ला उर्फ केशल उन 42 माओवादियों में शामिल है, जिन्होंने मुख्यधारा में शामिल होकर तेलंगाना के डीजीपी के सामने हथियार डाल दिए। डीजीपी ने कहा कि भाकपा (माओवादी) की तेलंगाना राज्य समिति के सभी नेताओं के आत्मसमर्पण के बाद शेष टीएससी कैडर को निष्क्रिय कर दिया गया है और टीएससी का अब कोई अस्तित्व नहीं है। उन्होंने बताया कि 42 माओवादियों ने पांच एके-47 राइफल, चार एसएलआर राइफल, दो देसी ग्रेनेड, 1,007 कारतूस और 800 ग्राम सोने सहित 36 आग्नेयास्त्रों के साथ आत्मसमर्पण किया। रेड्डी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, आज 42 माओवादियों के आत्मसमर्पण के साथ तेलंगाना राज्य समिति को प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर दिया गया है, जिससे राज्य में इसकी संगठनात्मक उपस्थिति पूरी तरह से समाप्त हो गई है। तेलंगाना सशस्त्र लड़ाकों और नक्सलवाद से पूरी तरह से मुक्त है। उन्होंने कहा कि भाकपा (माओवादी) की सबसे महत्वपूर्ण सशस्त्र इकाइयों में से एक पीएलजीए बटालियन के शेष भूमिगत कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अत्याधुनिक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करना पीएलजीए के पूर्ण विघटन के बराबर है। जब उनसे पूछा गया कि क्या पुलिस विभिन्न क्षेत्रों में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी का पता लगाने के लिए आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों की मदद ले रही है, तो डीजीपी ने हां जवाब दिया। रेड्डी ने कहा बिल्कुल। इसमें गलत क्या है? आईईडी और प्रेशर बम आम नागरिकों, किसानों, पशुपालकों और प्रभावित क्षेत्रों में यात्रा करने वालों के लिए खतरा हैं। हम उनकी मदद से इन्हें हटा देंगे।

# एमजीआर से विजय की तुलना ठीक नहीं : पलानीस्वामी

एजेंसी



तिरुवल्लूर (तमिलनाडु)। ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के प्रमुख ई के. पलानीस्वामी ने लोगों से अभिनेता से नेता बने विजय की तुलना अन्नाद्रमुक के संस्थापक एम. जी. रामचंद्रन (एमजीआर) से नहीं करने का आग्रह करते हुए संकेत दिया कि दिवंगत मुख्यमंत्री उनसे कहीं अधिक श्रेष्ठ थे क्योंकि उन्होंने अपने जीवनकाल में लोगों की सेवा की और अपनी संपत्ति मूक-बधिरों के आश्रम को दान कर दी। पलानीस्वामी ने तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि दूसरों की आलोचना करते समय गरिमा और अनुशासन की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि वह एमजीआर और दिवंगत मुख्यमंत्री जे. जयललिता की राजनीतिक पाठशाला के छात्र हैं।

पलानीस्वामी ने शुक्रवार को यहां एक चुनावी रैली में कहा कि एमजीआर भगवान हैं और इसलिए उनकी तुलना तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय से नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, उनकी तुलना एमजीआर से मत कीजिए, जो (हमारे लिए) भगवान हैं। एमजीआर ने फिल्मों में अभिनय से कमाया धन लोगों पर खर्च किया और जीवन भर जनता के कल्याण के लिए प्रयासरत रहे। उन्होंने अपनी संपत्ति मूक-बधिरों के आश्रम को दान कर दी। वह महान व्यक्ति हमारे नेता हैं। उन्होंने कहा, जहां तक मेरा या अन्नाद्रमुक का सवाल है, लोकतंत्र में कोई भी राजनीति में आ सकता है। यह उसका अधिकार है लेकिन राजनीति में आने के बाद उसे अपने ऊपर भरोसा करने वाले लोगों को निराश नहीं करना चाहिए, बल्कि उनकी समस्याओं का सामना करना चाहिए। पलानीस्वामी ने कहा कि मुख्यमंत्री पद संभालने के दिन से लेकर अपने कार्यकाल के अंत तक उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

## पेज एक का शेष

### विकास की

भारतीय सेना के इतिहास, उसकी ऑपरेशनल उपलब्धियों और राष्ट्र-निर्माण में उसके योगदान को बयां करता है। यह शो भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और विरासत को समर्पित एक श्रद्धांजलि है। इसकी कहानी में भारत के प्रमुख युद्धों और ऑपरेशन्स, सेंट्रल कमांड की ऐतिहासिक भूमिका, अवध क्षेत्र की वीरता और 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना के अनुरूप समकालीन सैन्य आधुनिकीकरण को शामिल किया गया है। यह शो प्रतिदिन शाम के समय स्मृतिका युद्ध स्मारक में आयोजित किया जाएगा और जल्द ही इसे आम जनता के लिए भी खोल दिया जाएगा। इस मल्टीमीडिया प्रस्तुति में भारत के प्रमुख युद्धों का एक समग्र अवलोकन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विशेष रूप से 1947-48, 1962, 1965 और 1971 के संघर्षों के प्रमुख ऑपरेशनल पहलुओं के साथ-साथ 'ऑपरेशन मेघदूत' और 'ऑपरेशन विजय' के दौरान दिए गए विशिष्ट योगदानों को रेखांकित किया गया है।

### इस्लामाबाद में

प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान कही। इसमें कहा गया है कि दोनों प्रतिनिधिमंडलों की रचनात्मक रूप से बातचीत करने की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री ने विश्वास जताया कि ये वार्ता क्षेत्र में स्थायी शांति की दिशा में एक कदम साबित होगी। वेंस के नूर खान एयरबेस पहुंचने पर पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने उनकी अगवानी की। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के अनुसार, डार ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर स्थायी शांति एवं स्थिरता हासिल करने को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता की सराहना की। डार ने उम्मीद जताई कि दोनों पक्ष रचनात्मक ढंग से बातचीत करेंगे। उन्होंने पश्चिम एशिया के संघर्ष का स्थायी और टिकाऊ समाधान निकालने की दिशा में पाकिस्तान की मध्यस्थता जारी रखने की इच्छा भी दोहराई।

### कई टुकड़ों

है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आपकी पहचान मियांपुर नहीं, बल्कि राष्ट्रगान के रचयिता गुरुदेव रविंद्रनाथ ठाकुर के नाम पर "रविंद्र नगर" के रूप में होगी। बंगाल की भूमि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत की भूमि है। भारत को राष्ट्रगान गुरुदेव ने दिया और राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय हैं। यह वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने का वर्ष है। इस अवसर पर आपको उस भूमि का स्वामित्व प्राप्त हुआ है, जहां आप दशकों पहले आकर बसे थे, लेकिन अब तक अधिकार नहीं मिला था। सीएम योगी ने कहा कि दशकों पहले आपसे किए गए अधूरे वायदों को पूरा करने के लिए वह प्रधानमंत्री मोदी की ओर से आए हैं। आपके पूर्वज बांग्लादेश में रह रहे थे, लेकिन आपको मालिकाना अधिकार पीएम मोदी के सबका साथ-सबका विकास संकल्प के कारण भारत में मिल रहा है। बांग्लादेश में प्रताड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन भारत की ओर आशा व विश्वास से देखते हैं। भारत उनके साथ खड़ा होगा। आप लोग केवल सीमा पार कर के नहीं आए थे, अपने साथ टूटे हुए सपनों की पीड़ा लेकर आए थे। भारत ने आपको गले लगाया। आपकी जाति, संप्रदाय या मत नहीं पूछा, आपको अपनाया और आपके साथ खड़ा रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के संघर्ष से आज आपको यह अधिकार मिल पाया है।

### थारू समाज

प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया और पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने थारू जनजाति के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी और अपनी संस्कृति को बचाकर रखने के लिए उनकी सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी हो। जनता के कल्याण में शासन का कल्याण है। शासन की खुशी का आधार व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नहीं, बल्कि जनता-जनार्दन की खुशी है। यह कार्य तभी होता है, जब सत्ता में संवेदना होती है और सेवा के माध्यम से यह जनता-जनार्दन तक पहुंचती है। यह कार्यक्रम अधिकार से आत्मनिर्भरता, आत्मनिर्भरता से आत्मसम्मान की ऐतिहासिक यात्रा भी है, क्योंकि आज अधिकार के साथ आत्मसम्मान व आत्मनिर्भरता की गारंटी भी मिल रही है। जनता ने हमें अधिकार दिया तो हम उसे अधिकार पत्र दे रहे हैं। सीएम ने कहा कि पूर्वी उप्र के स्वाधीनता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को यहां बसाया गया था। आपकी तीन-तीन पीढ़ियां चली गईं, लेकिन कभी हक नहीं मिल पाया। दशकों की अधूरी यात्रा आज पुनर्वास कार्यक्रम के साथ बढ़ रही है। जब जनता और सरकार के बीच में विश्वास का सेतु बनता है तो वही विश्वास अधिकार बनकर धरातल पर उतरता है। चंदन चौकी इस जनपद का गौरव है। यहां वनवासी संस्कृति की जड़ें, स्वाभिमान और तराई की उर्वरता साथ फलती-फूलती है। चंदन चौकी व आसपास दर्जनों थारू बाहुल्य गांव हैं, जो पहचान के लिए मोहताज थे। कभी वन, पुलिस व राजस्व विभाग द्वारा उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। शौर्य व वीरता के साथ अपने इतिहास को जोड़ने वाला थारू समाज पहले पहचान के लिए मोहताज था, लेकिन आज उसे अधिकार पत्र मिल रहा है और यही डबल इंजन सरकार की ताकत और स्पीड है। सीएम योगी ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए लोगों ने देश की आजादी के लिए सब कुछ खोया। ब्रिटिशरों ने इन्हें यातनाएं (काला पानी, देशनिकाला, फांसी) दीं। आजादी के बाद तत्कालीन सरकार ने उन्हें बसाया तो, लेकिन जमीन का हक उपलब्ध नहीं कराया। देश की आजादी में योगदान देने वाले लोग आजाद भारत में अपने अधिकार से वंचित थे। 1976 में थारू समाज को इन गांवों में जमीन देने की बात कही गई थी, लेकिन उन्हें जमीन का स्वामित्व नहीं मिला। 1955 में पूर्वी उत्तर प्रदेश से आए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी मालिकाना हक नहीं मिल पाया। सीएम योगी ने कहा कि असमय ओलावृष्टि व अतिवृष्टि के कारण किसानों को भारी क्षति हुई है।

### ऐतिहासिक चंद्र

दिसंबर 1972 में हुए अपोलो 17 मिशन के बाद पहली बार चंद्रमा की यात्रा की। उड़ान निदेशक रिक हेनफ्लिंग ने कहा कि आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री खुश और स्वस्थ हैं तथा ह्यूस्टन लौटने के लिए तैयार हैं। आर्टेमिस-2 पहला मानवयुक्त मिशन था जिसमें नासा के अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली रॉकेट और ओरियन क्रू मॉड्यूल का उपयोग किया गया, जिससे यह साबित हुआ कि एजेंसी का उपकरण अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा से बाहर भेजकर सुरक्षित वापस ला सकता है। अमित क्षत्रिय ने कहा, कल उड़ान निदेशक जेफ रेडिगन ने बताया था कि चंद्रमा तक ढाई लाख मील की दूरी तय करने के बाद लक्ष्य साधने के लिए हमारे पास एक डिग्री से भी कम का कोण था और टीम ने इसे सटीकता से हासिल किया। यह किस्मत नहीं, बल्कि एक हजार लोगों की मेहनत का नतीजा है। आर्टेमिस-2 ने कुल 7,00,237 मील की दूरी तय की और अधिकतम गति 24,664 मील प्रति घंटा रही। अब नासा का लक्ष्य चंद्रमा पर मानव उतारने और वहां एक बस्ती बनाने का है, जो भविष्य में मंगल और उससे आगे के मिशन के लिए लॉन्च पैड बनेगा। यह चारों अंतरिक्ष यात्रियों के लिए शानदार यात्रा रही, जिसमें चंद्रमा के उस हिस्से को भी देखा गया जिसे पहले कभी मानव ने नहीं देखा था। इसके साथ ही पूर्ण सूर्यग्रहण का भी अवलोकन किया गया। प्रशांत महासागर में उतरने के बाद ओरियन कैप्सूल खुलते ही टीम ने राहत की सांस ली।

### देश की

भारतीय विद्यार्थी परिषद की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के संगठनों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जागरूकता का विकास होता है। साथ ही, स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि चरित्र और व्यक्तित्व का समग्र विकास है। मुख्यमंत्री धामी ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित योजनाओं मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया का जिक्र करते हुए कहा कि इन पहलों ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनने और नए अवसरों को अपनाने के लिए प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सुधारों की जानकारी देते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही साइंस सिटी और एस्ट्रो पार्क जैसी पहलें विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को सुदृढ़ कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए राज्य सरकार नए महाविद्यालय स्थापित कर रही है और मॉडल कॉलेजों को विकसित किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, आईटी लैब और अन्य आधुनिक सुविधाओं का भी तेजी से विकास हो रहा है, जबकि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी निरंतर जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि नकल विरोधी कानून के सख्त क्रियान्वयन से भर्ती प्रणाली में पारदर्शिता आई है, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिले हैं। इस अवसर पर उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शैक्षणिक भवन के विस्तार की घोषणा भी की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खजान दास, विधायक उमेश शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बंगाल में

इतिहास गवाह है कि जब वह बदलाव का संकल्प लेता है, तो दुनिया की कोई भी ताकत उसे रोक नहीं सकती। जिसने भी बंगाल को चुनौती दी, उसका अहंकार चकनाचूर हो गया, अंग्रेजों से लेकर कांग्रेस और वामपंथियों तक... अब तृणमूल कांग्रेस की बारी है। मोदी ने इस वर्ष पश्चिम बंगाल में राम नवमी के मौके पर आयोजित शोभा यात्राओं के दौरान हुई हिंसा का भी जिक्र किया और इसकी तुलना देश के बाकी हिस्सों में मनाए गए उत्सव से की। उन्होंने कहा, पूरे भारत में राम नवमी का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया, लेकिन पश्चिम बंगाल में राम नवमी की शोभा यात्राओं पर हमले हुए और तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण में हिंसा हुई।

### डॉ. अखिलेश

वितरण, अन्य सामाजिक हितार्थ कार्यक्रम भी किए जायेंगे। शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. अखिलेश दास गुप्ता का जन्म 31 मार्च 1961 में हुआ था। उन्होंने डिप्लोमा इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, एलएलबी, एमबीए और पीएचडी (प्रबंधन) में स्कूली शिक्षा प्राप्त की थी। वह राष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी थे और उन्होंने 1977 से 1983 तक उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था। वे एक प्रसिद्ध शिक्षाविद और समाजिक कार्यकर्ता भी थे। उन्होंने वर्ष 1998 में बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ के संस्थापक कुलपति के रूप में कार्य किया था। वे लखनऊ और दिल्ली में प्रबंधन, इंजीनियरिंग, दंत चिकित्सा विज्ञान, फार्मेसी, कानून, वास्तुकला और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शिक्षा प्रदान करने वाले बाबू बनारसी दास शैक्षिक संस्थानों के अध्यक्ष थे। वह मई 1993 से नवंबर 1996 तक लखनऊ के मेयर रहे और शहर के विकास में बड़े पैमाने पर योगदान दिया। उन्होंने नवंबर 1996 से नवंबर 2014 तक लगातार 6-6 साल की तीन बार सेवा करते हुए 18 साल तक 'संसद सदस्य' (राज्य सभा) के रूप में देश के सबसे प्रतिष्ठित पद पर रहे। उन्होंने यूपीए के दौरान डॉ. मनमोहन सिंह सरकार में जनवरी 2006 से मई 2008 तक इस्पात मंत्री का पद संभाला था।

# तृणमूल के सिंडिकेट राज को खत्म करेगी भाजपा

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहानुभूति बटोरने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश कर रही हैं

एजेंसी



ओंडाछतना (पश्चिम बंगाल)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो वह तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट राज को समाप्त कर देगी। शाह ने यह भी कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। बांकुड़ा जिले के छतना में भाजपा की रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सहानुभूति बटोरने के लिए, खुद को पीड़ित के रूप में पेश कर रही हैं। शाह ने कहा, ममता बनर्जी पीड़ित कार्ड खेलती हैं। कभी-कभी वह सहानुभूति पाने के लिए अपने पैर या सिर पर पट्टी बांध लेती हैं।

ममता दीदी, इस चुनाव में आप चाहे अपने पैर, सिर या हाथ पर पट्टी बांध लें, बंगाल की जनता आपको वोट नहीं देगी। वर्ष 2021 में बंगाल में आठ चरणों में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान, बनर्जी ने पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते समय लगी चोट के कारण पैर में प्लास्टर बांधकर और व्हीलचेयर पर बैठकर चुनाव प्रचार किया था। भाजपा नेता ने यह भी आरोप लगाया कि बंगाल में गुंडे और घुसपैठिए राज करते हैं। बांकुड़ा जिले के ओंडा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आलू किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी उपज को देशभर में भेजा जाएगा, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। ओंडा में उन्होंने कहा, बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने के बाद हम तृणमूल कांग्रेस सरकार के सिंडिकेट राज को खत्म कर देंगे। अब हीरक रानी को टाटा बाय बाय कहने का समय आया है। शाह ने ऑस्कर विजेता फिल्मकार सत्यजीत राय की 1980 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म हिरक राजार देशे (हीरों का साम्राज्य) का उल्लेख किया। उत्पल दत्त और सौमित्र चटर्जी अभिनीत यह फिल्म एक ऐसे राजा की कहानी है, जो तानाशाह होता है और विरोध करने वालों तथा अपनी प्रजा पर अत्याचार करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में सीमेंट से लेकर रेत खरीदने तक हर काम के लिए या तो सत्तारूढ़ पार्टी को कटमनी देनी पड़ती है या सिंडिकेट के जरिए गुजरना पड़ता है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महिलाओं से रात में बाहर न निकलने को कहा है, जबकि भाजपा शासित असम में एक लड़की रात एक बजे भी सोने के गहने पहनकर बिना डर के बाहर निकल सकती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं की 24 घंटे सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य के सरकारी आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने बंगाल को शर्मसार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के संदेशखलि में महिलाओं को वर्षों तक तृणमूल कांग्रेस के गुंडों के अत्याचार झेलने पड़े। शाह ने कहा, ममता बनर्जी के शासनकाल में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले सभी लोगों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बंगाल के आलू किसानों की उपज को पूरे देश में भेजा जाएगा, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।

# युवा कृषि से जुड़े तो देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



रायसेन (मध्यप्रदेश)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और यदि युवा इसमें जुड़ते हैं तो नवाचार बढ़ेगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और देश की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

यहां आयोजित तीन दिवसीय उन्नत कृषि महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में सिंह ने कहा, युवाओं के पास ज्ञान, ऊर्जा और नवाचार की क्षमता है, जिसे कृषि की ओर भी मोड़ने की आवश्यकता है। ड्रोन, सेंसर और मोबाइल तकनीक के जरिए खेती को स्मार्ट बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा, सरकार भी इस दिशा में हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि खेती आने वाले समय में गर्व का विषय बने और हमारे किसान अपनी पूरी आन, बान, शान और सम्मान के साथ जीवन जिएं। देश के कृषि मंत्री रह चुके सिंह ने कहा कि देश के युवा आज हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और तकनीक और नवाचार में उनका योगदान सराहनीय है। उन्होंने कहा, यह गर्व की बात है कि भारतीय युवा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। सिंह ने किसान के खेत से बाजार तक की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वह सिर्फ अन्न नहीं उगाता, वह पूरी अर्थव्यवस्था को उगाता है। उन्होंने कहा, वह रोजगार को उगाता है। उद्योग को उगाता है। सेवाओं को उगाता है। सिंह ने कहा कि सरकार किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए सेनाओं में पिछले कुछ वर्षों में मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया है और इसके जरिए ज्वार, बाजरा और रागी के आटे को अपनी सेनाओं के लिए उपलब्ध कराना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में छावनी क्षेत्र के आसपास के किसानों की आय में अच्छी-खासी बढ़ोतरी हुई है और सबसे अच्छी बात यह है कि इससे किसानों को जैविक खेती के लिए भी प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा, हम अपने प्रयासों से जय जवान - जय किसान के नारे को फिर से चरितार्थ कर रहे हैं।

## संक्षेप

### वैश्विक विमर्श गढ़ रहा चीन, अमेरिका से सूचना युद्ध तेज

बीजिंग। चीन में कड़ी सेंसरशिप के जरिए इंटरनेट पर नियंत्रण स्थापित करने के बाद देश में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार अब सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की ताकत का इस्तेमाल कर वैश्विक स्तर पर अपना विमर्श गढ़ने की कोशिश कर रही है और इस प्रक्रिया में अक्सर अमेरिका तथा उसके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखे व्यंग्य भी कर रही है। पांच मिनट के एक एआई-जनित एनिमेशन में चीन के सरकारी मीडिया ने ईरान युद्ध को एक रूपक के रूप में पेश किया। इसमें शाही पोशाक पहना एक सफेद बाज अमेरिका का प्रतीक है, जो हमले से पहले दुष्ट हंसी हंसता है, जबकि काले लबादे में फारसी बिल्लियां ईरानियों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो अपने नेता के मारे जाने के बाद लड़ने का संकल्प लेती हैं और एक महत्वपूर्ण व्यापार मार्ग बंद कर देती हैं। अन्याय, बदले और वैश्विक समझ जैसे विषयों को छूता यह वीडियो हाल के महीनों में चीन के सरकारी मीडिया द्वारा बनाए गए कई एआई वीडियो में से एक है, जिनमें अमेरिका को वैश्विक दबंग के रूप में दिखाया गया है। इनमें ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी और पश्चिमी गोलार्ध में उसके प्रभुत्व की योजनाओं पर भी व्यंग्य किया गया है।

# भारत-अमेरिका परमाणु ऊर्जा और एलपीजी निर्यात में सहयोग को बढ़ायेंगे

एजेंसी

वाशिंगटन। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट के साथ अपनी बैठक में परमाणु ऊर्जा और कोयला गैसीकरण (ठोस कोयले को रासायनिक प्रक्रिया के जरिए गैस में बदलना) व एलपीजी निर्यात जैसे नए क्षेत्रों में ऊर्जा सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मिसरी और राइट के बीच हुई चर्चा का मुख्य विषय ऊर्जा सुरक्षा को आगे बढ़ाना, द्विपक्षीय ऊर्जा व्यापार को गहरा करना और भारत-अमेरिका ऊर्जा साझेदारी को मजबूत करने के नए रास्ते तलाशना था। बैठक में मौजूद भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका, असैन्य परमाणु सहयोग के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग के लिए तैयार है।

उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, शुक्रवार को ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ अमेरिका-भारत ऊर्जा सहयोग के भविष्य पर चर्चा करना अच्छा रहा। भारत द्वारा शांति विधेयक पारित किए जाने के बाद हम असैन्य परमाणु क्षेत्र के साथ-साथ कोयला गैसीकरण और अमेरिकी एलपीजी निर्यात जैसे क्षेत्रों में सहयोग के लिए तैयार हैं। सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी एक्ट (शांति अधिनियम) को भारत के असैन्य परमाणु क्षेत्र में सबसे बड़ा सुधार माना जा रहा है।

# वायुसेना प्रमुख ने अमेरिकी समकक्ष से रक्षा संबंधों पर की चर्चा

एजेंसी



वाशिंगटन। भारतीय वायु सेना के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को प्रगाढ़ करने की साझा प्राथमिकताओं पर अमेरिकी समकक्ष चीफ ऑफ स्टाफ जनरल केन विल्सबैक के साथ यहां चर्चा की। सिंह का आठ अप्रैल को यहां जॉइंट बेस एनाकोस्टिया-बोलिंग में पूरे सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया गया।

भारतीय वायुसेनाध्यक्ष ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान पेंटागन में वायु सेना मामलों के मंत्री ट्रॉय मींक और विल्सबैक से मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि वाशिंगटन में अपनी व्यस्तताओं के अलावा, सिंह ने कोलोराडो में पीटरसन स्पेस फोर्स बेस का दौरा किया, जहां उन्हें उत्तरी अमेरिका के लिए हवाई आक्रमण चेतावनी प्रणाली, हवाई क्षेत्र नियंत्रण और समुद्री चेतावनी के द्विपक्षीय उत्तरी अमेरिकी हवाई रक्षा कमान मिशन पर केंद्रित जानकारी दी गई। अमेरिकी वायु सेना (यूएसएएफ) के एक बयान के अनुसार, भारतीय वायु सेना प्रमुख ने नेवादा स्थित नेलिस वायु सेना अड्डे का भी दौरा किया। इस दौरान सिंह को अमेरिकी वायु सेना युद्ध केंद्र में संबंधित जानकारी दी गई और एफ-15ईएक्स ईगल-2 की उड़ान से परिचित कराया गया। बयान में सिंह के हवाले से कहा गया है, इस तरह के अवसर हमारी संयुक्त अंतरसंचालनीयता को विकसित करने और हमारी वायु सेनाओं के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यालय में हुई मुलाकातों के दौरान, अमेरिकी वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने रेखांकित किया कि भारत के साथ रक्षा साझेदारी अमेरिका के लिए बहुत अहम है।

उन्होंने बताया कि यह साझेदारी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र, खुला, शांतिपूर्ण और समृद्ध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विल्सबैक ने समान विचारधारा वाले साझेदारों के साथ बहुपक्षीय अभ्यासों में भारत के नेतृत्व और भागीदारी की प्रशंसा की और रेखांकित किया कि इस तरह के सहयोग को प्राथमिकता देना तथा उसका विस्तार करना क्षेत्रीय प्रतिरोध को बढ़ाने की कुंजी है।

# राष्ट्रपति मुर्मू राजकोट एम्स और गांधीनगर आरआरयू के दीक्षांत समारोह में लेंगी हिस्सा

एजेंसी



अहमदाबाद। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 अप्रैल को गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर आएंगी और इस दौरान राजकोट तथा गांधीनगर में दो संस्थानों के दीक्षांत समारोहों में शामिल होंगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 13 अप्रैल को राष्ट्रपति अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) राजकोट का दौरा करेंगी, जहां वह मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के पहले दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगी। उन्होंने कहा कि इस समारोह के दौरान, 2020 में दाखिला लेने वाले एमबीबीएस के पहले बैच के छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। संस्थान द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, कुल 49 छात्रों को एमबीबीएस की डिग्री प्रदान की जाएगी जबकि एक छात्र को विषाणु विज्ञान में पोस्ट-डॉक्टोरल सर्टिफिकेट से सम्मानित किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया कि मेधावी छात्रों को चार स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य सहित कुल 10 पदक प्रदान किए जाएंगे। संस्थान ने बताया कि कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और गुजरात के स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रफुल पंशेरिया सहित अन्य गणमान्य लोग भी शामिल हो सकते हैं।

### लेबनान और इजराइल के बीच मंगलवार से शुरु होगी प्रत्यक्ष वार्ता

बेरूत। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने कहा है कि उनके देश की इजराइल के साथ प्रत्यक्ष वार्ता मंगलवार से शुरू होगी। औन के कार्यालय की ओर से यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका में लेबनान और इजराइल के राजदूतों ने लेबनान में अमेरिकी राजदूत के साथ बातचीत की। इसमें मंगलवार को वाशिंगटन में प्रस्तावित वार्ता की शर्तों पर चर्चा की गई। इस वार्ता में अमेरिकी विदेश मंत्रालय मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा। इजराइल ने बृहस्पतिवार को घोषणा की थी कि उसने लेबनान के अनुरोध के बाद प्रत्यक्ष वार्ता को मंजूरी दे दी है।

# महिला सशक्तीकरण व बाल कल्याण बेहद करीब

एजेंसी

चेन्नई। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा है कि उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई कई कल्याणकारी पहलों में से दो योजना (महिलाओं को मासिक राशि प्रदान करने से जुड़ी योजना और मुख्यमंत्री नाश्ता योजना) उनके दिल के बेहद करीब हैं।

मुख्यमंत्री ने दिए एक साक्षात्कार में बताया कि जहां महिला सशक्तीकरण योजना, जिसे देश के अन्य राज्यों में भी अपनाया जा रहा है, इतिहास में एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्यक्रम के रूप में दर्ज होगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से शुरू की गई नाश्ता योजना के अनगिनत लाभ हैं।

जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अपनी सरकार द्वारा लागू किए जा रहे कई कल्याणकारी कार्यक्रमों में से उन योजनाओं का नाम बता सकते हैं जिनसे उन्हें अपार संतुष्टि मिली है। इसके जवाब में उन्होंने कहा, द्रविड़ मॉडल शासन में हमने जितनी भी योजनाएं लागू की हैं, वे सभी बहुत महत्वपूर्ण पहल हैं। हालांकि, मैं यह कहना चाहूंगा कि हमने कई योजनाएं लागू की हैं, लेकिन उनमें से दो योजनाएं मेरे दिल के बेहद करीब हैं। ये दो योजनाए हैं कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजना और मुख्यमंत्री नाश्ता योजना। उन्होंने कहा, कलैगनार मगलिर उरिमाई थोगाई योजना के तहत परिवार की महिला मुखिया को प्रति माह 1,000 रुपये दिए जाते हैं।

जब हमने पहली बार इस योजना की घोषणा की थी (2021 के चुनाव में), तो विपक्षी दलों ने इसकी आलोचना करते हुए कहा था कि इसे लागू करना संभव नहीं है, यह सिर्फ चुनाव के लिए घोषित की गई थी। लेकिन आज यह भारत में सबसे सफल ढंग से लागू की गई योजना है। उन्होंने कहा, जिन्होंने तब इसकी आलोचना की थी।

## इंटरटेनमेंट...

# बादशाह के 'टटीरी' सॉन्ग का न्यू टीजर जारी



**मुंबई।** बादशाह ने अपने टटीरी गीत का नया टीजर जारी किया और सोशल मीडिया पर गाने को दोबारा अपने फैंस से समर्थन मांगा है। बॉलीवुड सिंगर-रैपर बादशाह का टटीरी सॉन्ग कंट्रोवर्सी के बाद नए बदलाव के साथ एक बार फिर रिलीज के लिए तैयार है। सिंगर की टीम ने नए कलेवर के साथ इसका टीजर जारी किया, जिसके पिक्चराइजेशन में कई बदलाव दिखाई दे रहे है। टीजर के अंत में इसकी रिलीज डेट को रिविल किया है।

इसके साथ ही सिंगर ने सोशल मीडिया पर अपनी 2 पोस्ट भी शेयर की है। इसमें लिखा- इस नए वर्जन में उन सभी हिस्सों को हटाया गया है, जिन्हें आपत्तिजनक माना गया था। साथ ही अपने फैंस का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके साथ, उनकी आवाज और विश्वास ने ही इस गाने को जिंदा रखा है। बता दें कि 1 मार्च को रिलीज हुए टटीरी सॉन्ग के कई दृश्यों और बोल को लेकर कंट्रोवर्सी शुरू हो गई थी। सिंगर बादशाह के खिलाफ तीन एफआईआर तक दर्ज कराई गई थी। हरियाणा महिला आयोग ने तो पेश नहीं होने पर गिरफ्तारी तक के आदेश जारी कर दिए थे। करीब एक सप्ताह पूर्व ही सिंगर ने राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश होकर माफी मांगी थी। विवाद के बाद अब बादशाह अपने टटीरी गाने को नए अंदाज में पेश करने जा रहे हैं। महिला आयोग के सामने पेश होकर मांगी माफी कुछ दिन पहले 'टटीरी' गाने को लेकर विवाद बढ़ने पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने इसे महिलाओं की गरिमा के खिलाफ माना था। इस मामले में बादशाह के साथ निर्देशक जोबन संधू, महावीर सिंह और निमार्ता हितेन भी आयोग के सामने पेश हुए। आयोग ने गाने के बोल और प्रस्तुति पर सख्त नाराजगी जताई थी। इसके बाद बादशाह और उनकी टीम ने बिना शर्त माफी मांगते हुए भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने का आश्वासन दिया था। साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए काम करने, 4 महीनों के भीतर एक पॉजीटिव सॉन्ग बनाने और आर्थिक रूप से कमजोर 50 लड़कियों की शिक्षा का खर्च उठाने का भी वादा किया था। 14 अप्रैल को नए वर्जन में लौटेगा 'टटीरी' : विवाद के बाद अब बादशाह अपने इस गाने को नए अंदाज में पेश करने जा रहे हैं। 'टटीरी फिर से' नाम से यह गाना 14 अप्रैल को सभी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया जाएगा।

सिंगर ने कहा कि इस नए वर्जन में उन सभी हिस्सों को हटाया गया है, जिन्हें आपत्तिजनक माना गया था। इसके साथ ही गाने का नया वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें बदलाव साफ नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर हरियाणा के लोगों से खास अपील : बादशाह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर खासतौर पर हरियाणा के लोगों और अपने फैंस के लिए भावनात्मक संदेश साझा किया। लिखा- उन्होंने समाज, महिला आयोग और संस्कृति की चिंता करने वाले लोगों की बातों को गंभीरता से सुना है।

### अक्षय कुमार के इवेंट में भीड़ बेकाबू

**मुंबई।** अक्षय कुमार के इवेंट में फैंस की दीवानगी खतरनाक दिखी। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के गौर सिटी मॉल में फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन के दौरान हुई घटनाओं ने फैंस की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए। अक्षय कुमार अपने को-स्टार्स राजपाल यादव और वामिका गब्बी के साथ प्रमोशन के लिए मॉल पहुंचे थे। देखते ही देखते भीड़ बेकाबू हो गई। हालात बिगड़े और भगदड़ जैसी स्थिति बनी। लोग जान जोखिम में डालते नजर आए। वायरल वीडियो में दिखा कि कुछ फैंस बेहतर व्यू के लिए एस्केलेटर की रेलिंग पर चढ़ गए। ग्राउंड फ्लोर पर बैरिकेड्स टूटे और लोग एक-दूसरे को धक्का देते हुए आगे बढ़े। यह स्थिति बड़े हादसे में बदल सकती थी। सबसे बड़ा सवाल है कि क्या ऐसे पब्लिक इवेंट्स के लिए सही सुरक्षा इंतजाम थे?

### 'धुरंधर 2' के मेकर्स पर क्रिएटिव चोरी का आरोप

**मुंबई।** फिल्ममेकर राजीव राय ने 'धुरंधर 2' के मेकर्स पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनकी फिल्म 'त्रिदेव' के गाने 'ओए ओए' और 'तिरछी टोपीवाले' को बिना अनुमति रीक्रिएट कर फिल्म में इस्तेमाल किया गया है। डीएनए इंडिया को दिए इंटरव्यू में राजीव राय ने कहा कि उनकी फिल्म के गानों का इस्तेमाल बिना अनुमति किया गया और इसे क्रिएटिव चोरी माना जाना चाहिए। राजीव राय ने कहा कि उन्होंने ये गाने किसी दूसरी फिल्म में इस तरह इस्तेमाल के लिए नहीं बनाए थे। उनका आरोप है कि डायरेक्टर आदित्य धर और उनकी टीम ने बिना सही लाइसेंस और अधिकार के इन्हें रीमिक्स किया।

# फिल्म डकैत का ओपनिंग कलेक्शन हुआ 15 करोड़

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर 2 ने शुक्रवार को दुनिया भर में 10.03 करोड़ की कमाई की। वहीं, अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत: एक प्रेम कथा ने शुक्रवार को यानी रिलीज के पहले दिन दुनिया भर में 15 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। जिसके बाद यह फिल्म हिंदी और तेलुगु मार्केट में अदिवि शेष की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई। बता दें कि फिल्म में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर के अलावा अनुराग कश्यप, प्रकाश राज, अतुल कुलकर्णी और जैन मैरी खान सहित अन्य कलाकार भी हैं।

फिल्म डकैत की प्रोडक्शन कंपनी अन्नपूर्णा स्टूडियोज ने सोशल मीडिया पर कमाई के आंकड़े शेयर किए। यह एक बहुभाषीय फिल्म है, जिसे हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में अलग-अलग शूट किया गया है। फिल्म के म्यूजिक और माउथ पब्लिसिटी को इसके शुरूआती कलेक्शन का अहम कारण माना जा रहा है। अब शनिवार और रविवार को




वीकेंड होने के कारण कलेक्शन और बढ़ सकता है। दूसरी ओर, धुरंधर 2 ने रिलीज के 23वें दिन (चौथे शुक्रवार) 6.70 करोड़ का इंडिया नेट कलेक्शन किया। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म का कुल इंडिया ग्रॉस 1,263.26 करोड़ और नेट 1,055.12 करोड़ हो चुका है।

ओवरसीज में 23वें दिन 2.00 करोड़ जोड़ते हुए कुल 408.00 करोड़ का कलेक्शन हुआ। इसके साथ फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस 1,671.26 करोड़ पहुंच गया है। भाषा के हिसाब से 23वें दिन हिंदी से 6.50 करोड़, तमिल से 7 लाख, तेलुगु से 9 लाख, कन्नड़ से 3 लाख और मलयालम से 1 लाख की कमाई हुई। बता दें कि धुरंधर 2 भारतीय सिनेमा के इतिहास में चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। अब यह केवल दंगल (2070 करोड़ रुपए), बाहुबली 2 (1788 करोड़ रुपए) और पुष्पा 2 (1742 करोड़ रुपए) से पीछे है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com